दैनिक
# भीम प्रज्ञा
PRGI No. RJHIN/25/A3844 डाक पंजीयन G/JJN/053/2024-26 Valid up to 31 dec. 2026
2009 से स्थापित
सम्यक, न्याय, स्वतंत्रता, समानता, बंधुता, एवं सामाजिक चेतना के लिए रचनात्मक पत्रकारिता
www.bheempragya.in | वर्ष-1 | अंक-87 | झुंझुनू (राजस्थान) | सोमवार, 16 फरवरी, 2026 | Email.bheempragya@gmail.com | पृष्ठ-8 | मूल्य: 5.00

**भीम प्रज्ञा अलर्ट**

सतर्क नागरिक ही सशक्त समाज बनाते हैं; जो जागरूक है, वही सुरक्षित है।

गांव के गुवाड़ से निकलकर प्रकाशित होने वाले दैनिक अखबार भीम प्रज्ञा की मजबूती के लिए पाठक बनिए और बनाइए अपनी प्रतिक्रिया दीजिए
हेल्पलाइन - 9983040937
Bheem Pragya publication
A/C No: 61347330768
IFSC Code- SBIN0031880
Phone pe , G-pay
9983040937

## सम्पादकीय



एडवोकेट हरेश पंवार
Contact No. 9983040937

**मैं बोलूंगा तो फिर कहोगे कि बोलता है**

### दूध या जहर? मिलावट के साए में भारत की थाली और स्वास्थ्य का भविष्य

'दूध नहीं, जहर पी रहा है इंडिया '–यह वाक्य अतिशयोक्ति प्रतीत हो सकता है, लेकिन जब उत्पादन और खपत के आंकड़ों के बीच भारी अंतर दिखाई देता है, तो सवाल उठना स्वाभाविक है। यदि देश में दूध का उत्पादन लगभग 14 करोड़ लीटर प्रतिदिन है और खपत 64 करोड़ लीटर तक बताई जाती है, तो शेष दूध कहाँ से आ रहा है? यह अंतर केवल सांख्यिकीय भ्रम नहीं, बल्कि खाद्य सुरक्षा और सार्वजनिक स्वास्थ्य से जुड़ा गंभीर प्रश्न है। यहां मैं बोलूंगा तो फिर कहोगे कि बोलता है। भारत लंबे समय से दुनिया का सबसे बड़ा दुग्ध उत्पादक देश कहलाता रहा है। गांवों में पशुपालक परिवारों की मेहनत से दूध की धारा बहती है। लेकिन आज आम उपभोक्ता तक जो दूध पहुँचता है, वह सीधे पशुपालक से नहीं आता। बीच में कई परतें हैं–स्थानीय संग्रह केंद्र, फैट डेयरियाँ, प्रोसेसिंग यूनिट, पैकेजिंग प्लांट और थोक वितरक। इसी श्रृंखला में कहीं शुद्धता की जगह मिलावट प्रवेश कर जाती है।

मुनाफे की अंधी दौड़ में कुछ तत्व दूध में पानी मिलाने से आगे बढ़कर रासायनिक पदार्थों, डिटर्जेंट, सिंथेटिक दूध, स्टार्च और यूरिया तक का इस्तेमाल करने लगे हैं। दूध की गुणवत्ता बढ़ाने के नाम पर 'फैट' और 'सॉलिड नॉट फैट' का खेल चलता है। प्रयोगशालाओं में जांच होने पर कई बार चौंकाने वाले परिणाम सामने आते हैं–शुद्धता के दावों के बीच मिलावट की हकीकत। शुद्धता के नाम पर 'जीरो ', और मिलावट के नाम पर 'हीरो' बनते व्यापारी। स्थिति केवल दूध तक सीमित नहीं है। विवाह-शादियों, बड़े आयोजनों और होटलों में दूध से बने उत्पादों का अत्यधिक उपयोग हो रहा है। पनीर की सब्जी हर दावत की शान बन चुकी है। मिठाइयों के भंडार सजे रहते हैं–रसमलाई, रसगुल्ला, खोया, काजू कतली, मिल्क केक–सब दूध आधारित। इवेंट मैनेजमेंट कंपनियाँ लागत कम करने और मुनाफा बढ़ाने के लिए थोक में सस्ते मिल्क प्रोडक्ट खरीदती हैं। सवाल यह है कि क्या इन उत्पादों की गुणवत्ता और शुद्धता की पर्याप्त जांच होती है? खाने से लेकर अस्पताल तक का सफर आज चिंताजनक रूप से छोटा होता जा रहा है। मिलावटी खाद्य पदार्थों का सीधा असर स्वास्थ्य पर पड़ता है–पाचन संबंधी रोग, किडनी और लीवर की समस्याएँ, बच्चों में कुपोषण, और दीर्घकालीन बीमारियाँ। विडंबना यह है कि जिस दूध को पोषण और शक्ति का प्रतीक माना जाता है, वही यदि मिलावटी हो तो वह बीमारी का कारण बन सकता है। स्वास्थ्य के नाम पर चल रहा यह कारोबार एक मौन संकट है।

इस समस्या की जड़ें केवल लालच में नहीं, बल्कि नियंत्रण और निगरानी की कमजोरी में भी हैं। खाद्य सुरक्षा के लिए कानून मौजूद हैं, प्रयोगशालाएँ भी हैं, छापेमारी भी होती है। परंतु जब तक नियमित और पारदर्शी निरीक्षण नहीं होगा, और दोषियों को कठोर दंड नहीं मिलेगा, तब तक यह सिलसिला थमने वाला नहीं। कई बार स्थानीय स्तर पर सांठगांठ और प्रभाव के कारण कार्रवाई अधूरी रह जाती है। दूसरी ओर उपभोक्ता की भूमिका भी महत्वपूर्ण है। सस्ते दाम पर अधिक मात्रा की चाह अक्सर गुणवत्ता से समझौता करा देती है। 'सस्ता है तो अच्छा है' की मानसिकता मिलावटखोरों को अवसर देती है। उपभोक्ताओं को जागरूक होना होगा–विश्वसनीय स्रोत से खरीदारी, पैकेजिंग और लाइसेंस की जांच, और संदेह होने पर शिकायत दर्ज कराने की आदत विकसित करनी होगी। सरकार को भी दुग्ध आपूर्ति श्रृंखला को अधिक पारदर्शी और तकनीकी रूप से सुदृढ़ बनाना होगा। ट्रेसबिलिटी सिस्टम–जिससे पता चले कि दूध किस स्रोत से आया–लागू किया जा सकता है। डेयरियों में नियमित गुणवत्ता परीक्षण और परिणामों की सार्वजनिक रिपोर्टिंग अनिवार्य की जानी चाहिए। छोटे पशुपालकों को सीधे बाजार से जोड़ने के लिए सहकारी मॉडल को मजबूत करना होगा, ताकि बिचौलियों की भूमिका कम हो और मिलावट की गुंजाइश घटे। इसके साथ ही विवाह समारोहों और बड़े आयोजनों में खाद्य सुरक्षा मानकों का पालन सख्ती से सुनिश्चित किया जाना चाहिए। इवेंट मैनेजमेंट कंपनियों और होटलों को जवाबदेह बनाया जाए। लाइसेंस नवीनीकरण को गुणवत्ता परीक्षण से जोड़ा जाए। यदि एक भी मिलावटी उत्पाद के कारण किसी की जान खतरे में पड़ती है, तो यह केवल व्यक्तिगत त्रासदी नहीं, बल्कि सामाजिक विफलता है। भारत जैसे देश में, जहाँ दूध को मातृत्व, पोषण और समृद्धि का प्रतीक माना जाता है, वहां मिलावट का यह दाग गहरी चिंता का विषय है। यदि हम सचमुच स्वस्थ भारत का सपना देखते हैं, तो हमें अपनी थाली की सुरक्षा सुनिश्चित करनी होगी। दूध केवल एक उत्पाद नहीं, बल्कि विश्वास है–और विश्वास का टूटना सबसे बड़ा नुकसान है। आज जरूरत है सामूहिक संकल्प की–सरकार की सख्ती, उद्योग की ईमानदारी और उपभोक्ता की सजगता। तभी हम यह सुनिश्चित कर पाएंगे कि हमारे बच्चों के गिलास में सचमुच दूध हो, जहर नहीं।

# पशुपालकों को मिठाई बनाना सिखाएगी सरकार: मंत्री

## 10 लाख युवाओं को मिलेगा बिना ब्याज के लोन

**भीम प्रज्ञा न्यूज**

**पाली ।** राजस्थान के पशुपालकों को सरकार मिठाई बनाना सिखाएगी। मावा, पेड़े सहित राजस्थान के अलग-अलग हिस्सों की मिठाइयां बनाने के लिए विशेष ट्रेनिंग दी जाएगी। इसे सीखकर पशुपालक डेयरी में आकर भी नवाचार कर सकेंगे। साथ ही स्वरोजगार से अपनी कमाई बढ़ा सकेंगे। कैबिनेट मंत्री जोराराम कुमावत ने रविवार को प्रदेश के बजट पर पाली कलेक्ट्रेट सभागार में मीडिया से बातचीत कर रहे थे। जोराराम ने कहा-युवाओं को स्वरोजगार से जोड़ने के लिए 10 लाख रुपए तक का ब्याज मुक्त लोन भी दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि प्रदेश में करीब 7.14 करोड़ पशु हैं और दूध उत्पादन मजबूत स्थिति में है। ऐसे में दूध से विभिन्न प्रकार की मिठाइयां बनाकर पशुपालक अपनी आर्थिक स्थिति और बेहतर कर सकते हैं।




### 4 लाख युवाओं को देंगे नौकरी

मंत्री कुमावत ने कहा कि राज्य सरकार युवाओं के रोजगार पर भी ध्यान दे रही है। आगामी समय में 4 लाख युवाओं को सरकारी नौकरी दी जाएगी, जबकि 6 लाख युवाओं को निजी क्षेत्र में रोजगार से जोड़ा जाएगा। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राज्य की अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाया जा रहा है। युवाओं को स्वरोजगार से जोड़ने के लिए 10 लाख रुपये तक का ब्याज-मुक्त लोन देंगे और नशे से बचाव के लिए नशा मुक्ति केंद्र खोले जाएंगे।

### सरस डेयरी के 500 नए बूथ खोले जाएंगे

मंत्री जोराराम कुमावत ने कहा- स्कूली स्टूडेंट्स को निशुल्क ड्रेस वितरण, हॉस्पिटल में मृत्यु होने पर शव को 'मोक्ष रथ' से घर तक फ्री पहुंचाने की सुविधा के साथ सरस डेयरी के 500 नए बूथ खोलने की बजट में घोषणा की गई है। सभी जिलों में 'नमो नर्सरी' स्थापित करने और माही बांध का पानी जवाई बांध तक लाने का प्रयास भी किया जाएगा।

## शिवरात्रि के महापर्व पर बाबा भूतनाथ मंदिर में काजलिया आरती का हुआ आयोजन

**भीम प्रज्ञा न्यूज.लक्ष्मणगढ़।**



महाशिवरात्रि के महापर्व पर रविवार को बाबा भूतनाथ मंदिर में काजलिया आरती का आयोजन हुआ ।यह जानकारी देते हुए भगवा रक्षा वाहिनी अध्यक्ष जयशंकर पुजारी ने बताया कि बरसों से काजलिया आरती आयोजन होता रहा है । उन्होंने ने बताया कि ऐसी मान्यता है कि इस दिन बाबा भूतनाथ की आरती होने के बाद में जो काजल तैयार होता है ,उसको आंखों में डालने से आंखों की ज्योति बढ़ती है । महाशिवरात्रि पर बड़ी संख्या में भक्तों ने आंखों में काजल डलवाया और बाबा भूतनाथ से आशीर्वाद प्राप्त किया । इस अवसर पर भगवा रक्षा वाहिनी के संरक्षक सुरेश जाजोदिया सुंडाराम पसोरिया दीनदयाल जोशी सुबोध शर्मा शंभूदयाल बिल उपाध्यक्ष ताराचंद ठेकेदार महामंत्री अमित कुमार जोशी महावीर जैन नवीन काछवाल प्रवक्ता रवि जोशी राजेश बेदी सत्यनारायण सैनी गिरधारी लाल जाजोदिया सुरेश चिरानिया राजाराम शर्मा अजय पुजारी प्रमोद सैनी योगेश पारीक कैलाश जोशी विनोद प्रवासी इटली अर्पित जोशी अशोक पाराशर मुकेश पाराशर आयुष जोशी सुरेश बीबी पुरिया आदि भूतनाथ बाबा के भक्तगण मौजूद रहे ।

## डॉ. भीमराव अंबेडकर सेवा समिति शाहजहांपुर की आमसभा आयोजित

**भीम प्रज्ञा न्यूज.नीमराना।**



**रमेशचंद ।** नीमराना उपखंड क्षेत्र के गांव शाहजहांपुर मे 15 फरवरी को डॉ. भीमराव अंबेडकर सेवा समिति शाहजहांपुर की आमसभा रविवार को श्याम वाटिका में आयोजित की गई। सभा की अध्यक्षता हंसराज शिक्षाविद ने की। सचिव मनोज कुमार ने बताया कि डॉ. भीमराव अंबेडकर सेवा समिति शाहजहांपुर के नाम से संस्था का रजिस्ट्रेशन करवाया गया है। उन्होंने संस्था के उद्देश्य और कार्यकारिणी के सदस्यों के नामों की जानकारी दी। सभा में संस्था का बैंक खाता खुलवाने का प्रस्ताव लिया गया और अध्यक्ष कृष्ण कुमार तथा सचिव मनोज कुमार को बैंक खाता में धनराशि का ब्योरा और लेनदेन का कार्य सौंपा गया। अनिल चौहरेड ने समाज में फैली कुरीतियों पर विचार रखे और उनको दूर करने पर मार्गदर्शन किया। इस अवसर पर हंसराज सिंह, हेमंत कुमार, अनिल बाल्मिक, किशनचंद, पवन कुमार, राजपूर्णाचार्य, मनोज कुमार, जयप्रकाश, सुनील कुमार एडवोकेट, अनिल कुमार चौहरेड़, महावीर सिंह वर्मा, कृष्ण कुमार, मनोज कुमार इ-मित्र, विक्रम सिंह, प्रदीप कुमार, पंकज कुमार आदि उपस्थित रहे।

## सिंघाना में महाशिवरात्रि पर शिव मंदिर के पास वाटर कूलर का शुभारंभ

**भीम प्रज्ञा न्यूज.सिंघाना।**



महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर नगर पालिका क्षेत्र सिंघाना के पुरानी भोदन रोड स्थित शिव मंदिर के पास श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए वाटर कूलर का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में सहयोग एक पहल संस्थान एवं नगर कांग्रेस कमेटी सिंघाना के अध्यक्ष डीपी सैनी ने फीता काटकर उद्घाटन किया। यह वाटर कूलर भामाशाह अमर सिंह सैनी के सहयोग से लगाया गया है। सामाजिक कार्यकर्ता डी पी सैनी ने कहा कि गर्मी के मौसम में मंदिर आने वाले श्रद्धालुओं एवं राहगीरों को शीतल पेयजल उपलब्ध कराने के उद्देश्य से अमरसिंह सैनी द्वारा यह पहल की गई है, जिससे आमजन को बड़ी राहत मिलेगी। कार्यक्रम में डीपी सैनी, भामाशाह अमर सिंह सैनी, सांवरमल, मुकेश फागणा, अनिल कुमार, विक्रम सैनी, ओमप्रकाश, कृष्ण सैनी, सुशील (एनआरआई), साहिल कुमार, राजू गराटी, प्रताप गुर्जर, कृष्ण फगाना, प्रधान सिंह, सुनील कुमार सहित कई गणमान्य नागरिक उपस्थित रहें।

## चिड़ावा के वार्ड 13 में गैस सिलेंडर में लगी आग

### महाशिवरात्रि पर व्रत के व्यंजन बनाते समय हुआ हादसा

**भीम प्रज्ञा न्यूज.चिड़ावा।**



शहर के वर 13 में राजू तंवर के घर रविवार को अचानक गैस सिलेंडर में आग लगने से अफरा-तफरी मच गई। घटना उस समय हुई जब महाशिवरात्रि के अवसर पर घर की महिलाएं व्रत में बनाए जाने वाले व्यंजनों की तैयारी कर रही थीं। घर के हॉल में अस्थायी रूप से कैंटीन भट्टी लगाकर खाना बनाया जा रहा था। मिली जानकारी के अनुसार खाना बनाते समय सिलेंडर के पास गैस रिसाव होने लगा। देखते ही देखते गैस ने आग पकड़ ली और लपटें उठने लगीं। अचानक आग लगने से परिवार के सदस्य घबरा गए और घर में हड़कंप की स्थिति बन गई। शोर सुनकर पास ही रहने वाले भाजपा नगर उपाध्यक्ष पवन शर्मा नवहाल तुरंत मौके पर पहुंचे। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए उन्होंने बिना समय गंवाए सिलेंडर को पाइप की सहायता से खींचकर घर से बाहर निकाला। साथ ही फायर ब्रिगेड को सूचना दी। उनकी त्वरित कार्रवाई से आग को फैलने से रोका जा सका।सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड टीम मौके पर पहुंची। टीम में ड्राइवर हरेंद्र कुमार और फायर मैन विकाश लामोरिया शामिल थे। दमकल कर्मियों ने आग पर पूरी तरह काबू पाया और संभावित बड़े हादसे को टाल दिया। गनीमत रही कि सिलेंडर में आग लगने के बावजूद वह फटा नहीं। यदि सिलेंडर विस्फोट हो जाता तो बड़ा हादसा हो सकता था और आसपास के मकानों को भी नुकसान पहुंच सकता था। घटना के बाद क्षेत्र में कुछ समय तक दहशत का माहौल रहा, हालांकि समय रहते आग पर काबू पा लेने से स्थिति सामान्य हो गई। स्थानीय लोगों ने त्वरित कार्रवाई के लिए फायर ब्रिगेड और मदद करने वालों की सराहना की।

## अटेली क्षेत्र के मंदिरों में महाशिवरात्रि का पर्व धूमधाम से मनाया

**भीम प्रज्ञा न्यूज़.मंडी अटेली।**



**मनोज बुलाण ।** अटेली क्षेत्र में महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर मंदिरों में श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ पड़ा। भगवान भोलेनाथ पर जलाभिषेक के लिए तड़के सुबह से ही भक्तों की लंबी कतारें लग गई। जो मंदिर परिसर से लेकर मुख्य मार्ग तक फैली हुई थी। अटेली मार्केट कमेटी के चेयरमैन दिनेश जेलदार ने अपनी पत्नी रितु यादव के साथ उनके गांव श्यामपुरा के मंदिर में भगवान शिव पर जल चढ़ाकर परिवार की सुख-समृद्धि तथा क्षेत्र की खुशहाली की कामना की। वहीं भक्त अपने हाथों में जल, दूध, बेलपत्र लिए हर-हर महादेव का जयघोष करते हुए अपनी बारी का इंतजार कर रहे थे। दिनभर मंदिर में महिलाओं, युवाओं और बुजुर्गों की बड़ी संख्या मौजूद रही। वहीं धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, महाशिवरात्रि के दिन ही भगवान शिव और माता पार्वती का विवाह हुआ था। इस कारण भक्त व्रत रखकर भगवान शंकर और माता पार्वती की पूजा करते हैं। वे दांपत्य सुख, समृद्धिऔर मनोकामना पूर्ति की प्रार्थना करते हैं।

**चूरू की बेटी व चिड़ावा की बहू का अमेरिका में डंका**

## डॉ. अनामिका चौधरी सैन फ्रांसिस्को में पढ़ेंगी शोध पत्र

**भीम प्रज्ञा न्यूज.चिड़ावा।**



चूरू की लाड़ली बेटी व चिड़ावा की बहू तथा सहारण परिवार का गौरव डॉ. अनामिका चौधरी (एमबीबीएस, डीजीओ, एमआरसीओजी) को अमेरिका के सैन फ्रांसिस्को शहर में आयोजित विश्व बाल एवं किशोर स्त्री रोग सम्मेलन में शोध पत्र वाचन के लिए आमंत्रित किया गया है। यह अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन 23 से 25 अप्रैल 2026 तक आयोजित होगा, जिसमें वे बाल एवं किशोरियों से संबंधित गंभीर स्त्री रोग विषयों पर अपना शोध प्रस्तुत करेंगी। डॉ. अनामिका चौधरी द्वारा 'मुलरियन विकृतियां जिनमें गर्भाशय ग्रीवा एवं योनि अनुपस्थित हों' विषय पर किया गया शोध विशेष रूप से चर्चित रहा है। इस शोध में उन्होंने किशोरियों की प्रजनन क्षमता को सुरक्षित रखने पर विशेष जोर दिया है। उनके इस उत्कृष्ट कार्य की सराहना उत्तर अमेरिकी बाल एवं किशोर स्त्री रोग संस्था द्वारा की गई तथा उन्हें अंतरराष्ट्रीय संकाय सदस्य के रूप में अपने जटिल प्रकरण प्रस्तुत करने का निमंत्रण प्राप्त हुआ। उल्लेखनीय है कि गत वर्ष उन्हें लंदन स्थित प्रतिष्ठित रॉयल सोसाइटी ऑफ मेडिसिन द्वारा भी सम्मानित किया गया था। डॉ. अनामिका चौधरी की इस महत्वपूर्ण उपलब्धि से चूरू जिले सहित पूरे शेखावाटी क्षेत्र में हर्ष की लहर है। सामाजिक संगठनों, चिकित्सकों एवं परिजनों ने इसे क्षेत्र के लिए गौरव का विषय बताया है।

## रेवाड़ी की चहक यादव ने प्रतिभा और मेहनत के बल पर जीता रजत पदक

### नई दिल्ली में आयोजित एशियन राइफल/शूटिंग चैंपियनशिप-2026 में हासिल की उपलब्धि

**भीम प्रज्ञा न्यूज.रेवाड़ी।**



**भांडोरिया ।** डा. करनी सिंह शूटिंग रेंज नई दिल्ली में एशियन राइफल/शूटिंग चैंपियनशिप-2026 में रेवाड़ी जिले के पी एम श्री राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय रेवाड़ी की बारहवीं कक्षा की छात्रा चहक यादव ने 10 मीटर ऐयर पिस्टल यूथ महिला वर्ग में 600 में से 574 अंक हांसिल कर रजत पदक और भारतीय टीम की प्रतिभागी के रूप में स्वर्ण पदक हासिल किया है। इस उपलब्धि से चहक यादव ने ना केवल अपने जिला रेवाड़ी अपितु हरियाणा व देश का नाम रोशन किया है। चहक यादव हरियाणा पुलिस में हवलदार के पद पर कार्यरत सुनील कुमार की पुत्री है। डा. करनी सिंह शूटिंग रेंज नई दिल्ली में आयोजित एशियन राइफल/शूटिंग चैंपियनशिप-2026 में एशिया महाद्वीप के 20 देशों के लगभग 300 खिलाड़ियों ने अलग-अलग वर्गों में भाग लेकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। यह जानकारी चहक यादव के कोच रमन राव ने दी। उन्होंने बताया कि चहक यादव बारह वर्ष की आयु से उनकी शूटिंग स्पोर्ट्स अकेडमी में शूटिंग का प्रशिक्षण प्राप्त कर रही है। रमन राव ने बताया कि उनकी अकेडमी के खिलाड़ी प्रियांशु यादव ने एशियन शूटिंग चैंपियनशिप में अपने वर्ग में स्वर्ण पदक जीता था और 62 वर्षीय गृहणी सुषमा यादव ने राष्ट्रीय शूटिंग चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीता था। चहक यादव ने भी अपनी इस उपलब्धि का श्रेय अपने कोच रमन राव, अपने पिता सुनील कुमार व अपनी अकैडमी के साथी खिलाड़ियों को दिया है। उनके कोच रमन राव, साथी खिलाड़ियों, पिता सुनील कुमार, सुषमा यादव और उनके विद्यालय के अध्यापकों ने इस उपलब्धि पर चहक को बधाइयां दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।



# बच्चों को होमवर्क की अहमियत समझाना जरूरी

बच्चों से होमवर्क कराना अभिभावकों के लिए कठिन टास्क होता है। सही मायने में यह किसी चुनौती से कम नहीं। बच्चे स्कूल में भले पढ़ लें, लेकिन घर पर होमवर्क कराना मां के लिए बेहद कठिन होता है। उनके पास होमवर्क न करने के तमाम बहाने होते हैं। ऐसे में कौन-सा तरीका अपनाया जाए, जिससे होमवर्क से बच्चों की दोस्ती हो जाए, यह जानना जरूरी है।

### प्रेरित करें

आमतौर पर बच्चों से काम पूरे करने के बदले अभिभावक उनकी फरमाइश पूरी करने का वादा करते हैं, लेकिन बाद में टाल देते हैं। ऐसे में बच्चे का आप पर भरोसा कम होने लगता है। उसे प्रोत्साहित करें। हमेशा अपनी सुविधा और समय का ही ख्याल न रखें, बच्चे के मूड पर भी ध्यान दें। बच्चे के साथ अपना समय बितायें।

### होमवर्क की अहमियत समाझाएं

बच्चों को होमवर्क की अहमियत समझाना जरूरी है। कई अभिभावक बच्चों का होमवर्क खुद कर देते हैं। ऐसा न करें, बच्चे को उसकी जिम्मेदारी समझाएं। धीरे-धीरे उनमें होमवर्क समय पर करने की आदत पड़ेगी। कोर्स से हट कर भी किताबें उनके लिए लाएं, जो रोचक हों। खेल-खेल में पढ़ाई के लिए प्रोत्साहित करें।

### प्रतिदिन अभ्यास जरुरी

बच्चों की पढ़ाई का समय तय करें और उस समय उन्हें पढ़ने के लिए प्रोत्साहित करें। चाहे उसे स्कूल से होमवर्क मिले या न मिले, लेकिन उसके रूटीन को टूटने न दें। लिखने का प्रैक्टिस भी बहुत जरूरी है। साथ बैठ, उन्हें काम देकर रसोईघर या फोन पर बातें न करने लगें।

### पढ़ाई को रोचक बनाना बहुत जरूरी है

बच्चों को समय देना बहुत जरूरी है। पढ़ाई को रोचक बनाने का प्रयास करें। जैसे अगर आप उसे बटरफ्लाई की लाइफ साइकिल के बारे में पढ़ा रही हैं, तो केवल बुक पर निर्भर न रहें, बल्कि यूट्यूब पर इससे जुड़े विडियो भी दिखाएं, रोचक जानकारियां जुटाएं, चार्ट बनाकर उनकी जानकारी बढ़ाएं।

### रूटीन बनाएं, दबाव न डालें

अभिभावक बच्चों के होमवर्क के लिए परेशान हो जाते हैं, उनपर दबाव बनाते हैं। इससे बच्चों के मन में डर पैदा हो सकता है, और वे पढाई से दूर भागने लगते हैं। पढ़ने का समय तय करें और उस समय खुद को फ्री रखें।

# इंजेक्शन लगने के बाद बच्चा ज्यादा रोता है तो क्या करें? डॉक्टर ने बताया आसान तरीका



जन्म के साथ ही शिशु का शरीर नए वातावरण में एडजस्ट करना शुरू करता है। इस स्टेज पर बच्चे का इम्यून सिस्टम कमजोर होता है, जिससे बैक्टीरिया और वायरस के संक्रमण का खतरा बढ़ जाता है। इसलिए जन्म के तुरंत बाद ही बच्चे को जरूरी वैक्सीन दी जाती हैं। वैक्सीनेशन से बच्चे बीमारियों से बचते हैं, लेकिन कई बार इसके बाद साइड इफेक्ट्स देखने को मिल सकते हैं। जैसे कि जांघ या हाथ पर लगाई गई इंजेक्शन वाली जगह पर सूजन, रेडनेस या दर्द, हल्का बुखार या शरीर पर रैशेज। इन कारणों से बच्चा ज्यादा रोता और चिड़चिड़ा हो जाता है, जिससे माता-पिता के लिए उसे संभालना मुश्किल हो जाता है।

### वैक्सीनेशन के बाद बच्चा ज्यादा रो रहा है? करें ये आसान उपाय

इंजेक्शन वाली जगह पर सेंकाई करें

वैक्सीनेशन के बाद अगर बच्चे को सूजन, लालिमा या दर्द महसूस हो रहा है, तो हल्की ठंडी सेंकाई करना फायदेमंद हो सकता है। यह त्वचा को शांत करने और दर्द कम करने में मदद करता है। ध्यान रखें कि सेंकाई के लिए बर्फ का इस्तेमाल न करें और गर्म सेंकाई भी न करें, केवल हल्का ठंडा कपड़ा ही पर्याप्त होता है।



### बुखार होने पर सावधानी

वैक्सीनेशन के बाद बच्चे को हल्का या कभी-कभी ज्यादा बुखार आ सकता है। ऐसे में सबसे पहले डॉक्टर की सलाह लेना जरूरी है। डॉक्टर के निर्देशानुसार आप बच्चे को पेरासिटामोल दे सकते हैं, जिससे बुखार और असुविधा में राहत मिलती है। यह ध्यान रखें कि दवा की खुराक बच्चे के वजन और उम्र के अनुसार ही दें।

### बच्चे को कंफर्टेबल रखें

वैक्सीनेशन के बाद बच्चे अधिक चिड़चिड़े और बेचैन हो सकते हैं। ऐसे में सबसे जरूरी है कि आप उन्हें आरामदायक स्थिति में रखें। बच्चे को सीने से लगाना, धीरे-धीरे सहलाना या उन्हें सुरक्षित महसूस कराने वाले तरीकों से रखना उन्हें शांत करने और आराम दिलाने में मदद करता है। यह न केवल बच्चे के लिए आरामदायक होता है, बल्कि माता-पिता के लिए भी स्थिति संभालना आसान बना देता है।

### हाइड्रेटेड रखें

वैक्सीनेशन के बाद बच्चे को हाइड्रेटेड रखना बहुत जरूरी है। इससे उनका शरीर तरल पदार्थ की कमी से बचता है और बुखार या असुविधा कम महसूस होती है। इसके लिए आप बच्चे को बार-बार ब्रेस्टफीडिंग करवा सकते हैं, या यदि बच्चा बॉटल से दूध पीता है तो उसे समय-समय पर दूध दें। हाइड्रेटेड रहने से बच्चा अधिक शांत और आरामदायक महसूस करता है।

### डॉक्टर को तुरंत दिखाएं।

यदि वैक्सीनेशन के बाद बच्चे में बहुत ज्यादा बुखार, पूरे शरीर में रैशेज, सांस लेने में तकलीफ या झटके दिखें, तो तुरंत डॉक्टर से संपर्क करें। वैक्सीनेशन के बाद हल्का रोना या बेचैनी सामान्य है। लेकिन माता-पिता को धैर्य और सही देखभाल से बच्चे को आराम देने की जरूरत है। सही समय पर सावधानी और डॉक्टर की सलाह से बच्चे का अनुभव सुरक्षित और आरामदायक बनाया जा सकता है।



# बच्चों को खिलौने देने से पहले अच्छी तरह साफ कर लें

घर में छोटे बच्चे हो तो हर सदस्य का ध्यान उसकी तरफ ही रहता है। बच्चे के लिए घर में कई तरह के खिलौने भी लाए जाते हैं। उसके लिए साइकिल, वॉकर, छोटे-छोटे खिलौने ला कर रख दिये जाते हैं। कई बार बच्चे के प्यार में जाने-अनजाने अभिभावक कुछ ऐसी गलतियां कर बैठते हैं, जिससे बच्चे की सेहत को नुकसान पहुंच सकता है। आपके घर में भी छोटा बच्चा है। तो इन बातों पर ध्यान देना बहुत जरूरी है। आपके लिए जानना जरूरी है कि कौन से बच्चों के उत्पाद नुकसान पहुंचा रहे हैं।

टीथर – बच्चे रंग-बिरंगे खिलौने देखकर बहुत खुश होते हैं और हर चीज को मुंह में डालते हैं। आप शायद इस बात को नजरअंदाज कर रहे हैं कि इस खिलौने से बच्चे को संक्रमण होने का डर रहता है। बच्चे को यह खिलौने देने से पहले इस पर धूल मिट्टी के कण पड़े होते हैं। जिसे बहुत से लोग बार-बार साफ नहीं करते और कई बार तो बडे लोगों के हाथ के कीटाणु भी इस पर लग जाते हैं। जिससे बच्चे को उल्टी, पेटदर्द, दस्त जैसी समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है।

वाकर – बच्चा जल्दी चलना सीख लें इसलिए ज्यादातर लोग बच्चे को वॉकर लाकर दे देते हैं। माना जाता है कि इसमें बैठकर वह जल्दी चलना सीख जाते हैं और मांसपेशियां भी मजबूत होती हैं। एक शोध में यह बात सामने आई है कि इससे बच्चे को खुद का बैलेंस बनाने में परेशानी होने लगती है। वह डर-डर कर जमीन पर अपने पांव रखता है।

दूध की बोतल

छोटे बच्चे के लिए मां का दूध ही सही आहार है। कुछ कामकाजी औरतें बच्चे बोतल से दूध पिलाती हैं। इससे बच्चे के पेट में हवा भर जाती है, जिससे उसे पेट गैस की परेशानी हो सकती है। अगर बोतल में दूध पिला रहे हैं तो साफ-सफाई का भी बहुत ध्यान रखने की जरूरत है। दूध पिलाने से पहले बोतल को जरूर उबाल लें।

# ‘बच्चों के लिए घर पर बनाएं हेल्दी सेरेलेक पाउडर, न्यूट्रिशनिस्ट ने शेयर की आसान रेसिपी

आजकल मार्केट में मिलने वाले बेबी फूड में कई तरह के प्रिजर्वेटिव्स, शुगर और साल्ट होते हैं, जो आपके बच्चे की सेहत के लिए अच्छे नहीं हैं। ऐसे में घर पर ही सेरेलेक तैयार करना सबसे सुरक्षित और हेल्दी ऑप्शन है। इंस्टाग्राम व्लॉगर खुशबू राना (जिनके 143च फॉलोअर्स हैं) ने बच्चों के लिए घर पर सेरेलेक बनाने की आसान और हेल्दी रेसिपी शेयर की है।

### बेबी फूड क्यों है जरूरी

जन्म से 6 महीने तक बच्चे को मां का दूध सबसे जरूरी है। 6 महीने के बाद बच्चे को धीरे-धीरे ठोस खाना देना शुरू करें ।बच्चों का डाइजेस्टिव सिस्टम कमजोर होता है, इसलिए उन्हें आसानी से पचने वाला खाना देना चाहिए।

घर पर सेरेलेक बनाने की सामग्री

50 ग्राम मखाने
7-8 चम्मच पोहा
7-8 चम्मच सादा ओट्स
40 बादाम
40 काजू
थोड़ा देसी घी

यह सभी इंग्रीडिएंट्स बच्चों की ग्रोथ और न्यूट्रिएंट्स की जरूरतों को पूरा करते हैं।

### बनाने का तरीका

मखाने भूनना एक बड़े चम्मच देसी घी में मखाने को कुरकुरा होने तक भूनें। क्रंचीनेस चेक करने के लिए हाथ से मसलकर देख लें। पोहे और ओट्स भूनना अलग पैन में पोहे और ओट्स को हल्का भून लें। काजू और बादाम भूनना भुने हुए पोहे और ओट्स में काजू और बादाम डालकर 3-4 मिनट भूनें।

### मिक्सिंग और ग्राइंडिंग

सभी इंग्रीडिएंट्स को मिलाकर ठंडा होने दें। मिक्सर ग्राइंडर में पिसकर बारीक पाउडर बना लें। ध्यान रखें कि काजू और बादाम अच्छे से पिस जाएं।

### स्टोरेज

तैयार पाउडर को एयरटाइट कंटेनर में रखें। एक बार में ज्यादा मात्रा न बनाएं, क्योंकि हवा लगने से यह जल्दी खराब हो सकता है।

### सेरेलेक खिलाने का तरीका

खुशबू अपने बेटे को यही घर का बना सेरेलेक खिलाती हैं। स्वाद बदलने के लिए इसमें कभी-कभी केला या खजूर भी मिलाया जा सकता है। आप बच्चे की पसंद और जरूरत के अनुसार इसमें अन्य हेल्दी इंग्रीडिएंट्स भी डाल सकते हैं।



### ध्यान देने योग्य बातें

यह पाउडर बनाते समय सुनिश्चित करें कि सभी इंग्रीडिएंट्स आपके बच्चे के लिए सुरक्षित हैं। पहले सभी इंग्रीडिएंट्स को अलग-अलग खिलाकर एलर्जी टेस्ट कर लें। यदि किसी चीज़ से एलर्जी नहीं होती है, तभी उसे सेरेलेक में शामिल करें। यह होममेड सेरेलेक बच्चों की ग्रोथ, पाचन और पोषण के लिए एकदम हेल्दी और सुरक्षित विकल्प है।

# लेफ्ट-राइट एक्सरसाइज याददाश्त बढ़ाने का बेहद खास तरीका

बच्चे की याददाश्त बचपन से ही तेज कैसे रखी जाए। यह बात सभी अभिभाव सोचते हैं। इसके लिए अधिकतर लोग बेहतर खानपान पर जोर देते हैं पर इतना ही काफी नहीं है। याददाश्त बढ़ाने के लिए आपको बच्चे के साथ कुछ छोटी-छोटी दिमागी कसरतें भी करनी होंगीं।

मान लीजिये अगर आप कहीं घूमने गये हैं और वहां किसी रेस्टोरेंट में खाना खाने गए तो लौटकर उससे जुड़े सवाल करें। घर लौटने के बाद आप बच्चे से रेस्टोरेंट से जुड़ी कुछ बातें पूछिए। मनोवैज्ञानिकों का कहना है कि आप जो सवाल बच्चों से पूछें उनके जवाब आपको भी याद हों। जैसे रेस्टोरेंट में आप किस और बैठे थे वहां किस रंग की फोटो लगी थी या उससे जुड़े कोई खास सवाल। ध्यान रहे ये जवाब आप को भी आने चाहिये।

लेफ्ट-राइट एक्सरसाइज याददाश्त बढ़ाने का बेहद खास तरीका है। इसमें बच्चे के सामने कई सारे खिलौने रखे होते हैं और उन्हें उन खिलौनों को दाईं या बाईं ओर रखने के लिए कहा जाता है। उदाहरण के लिए बच्चे को कुछ गेंदें दीजिए और उन्हें दाईं ओर रखी टोकरी में रखने के लिए कहिए। दूसरे दिन भी उसे गेंद को वहीं रखने के लिए कहिए, पर तीसरे दिन गेंदों को बाईं ओर रखने के लिए कह दीजिए। बच्चे का हाथ पहले दाईं ओर ही बढ़ेगा। पर, लगातार इस तरह के एक्सरसाइज से उसकी मानसिक सतर्कता और याददाश्त मजबूत होगी।’जैसा कि आप जानती ही हैं कि अंग्रेजी में दो तरह के अक्षर होते हैं, स्वर और व्यंजन। अब पढ़ाई के बाद आपको बच्चे के साथ इन्हीं वॉवेल से जुड़ा खेल खेलना है। कागज पर एक बॉक्स बनाएं और उसमें अंग्रेजी के कुछ अक्षर लिखें। बच्चे से उन शब्दों को काटने के लिए कहें, जिसमें वॉवेल न हों। इस तरह से बच्चे की अंग्रेजी तो अच्छी होगी ही, उसकी दिमागी एक्सरसाइज भी होगी।

### घर के कामों में लगाएं

किचेन में काम करते हुए बच्चे को भी काम में शामिल कीजिए। उन्हें कुकिंग से जुड़े छोटे-छोटे काम करने के लिए बोलें ताकि वो जान जाएं कि कौन-सी चीज कहां रखी है? अब अगले दिन उन्हें फिर से वही चीजें आपको रसोई से लाकर देने के लिए कहें। इससे होगा यह कि आपको पता चलेगा कि चीजें कहां रखी हैं, बच्चे को यह याद भी है या नहीं। जैसे आप बच्चे से प्याज लाने के लिए बोलिए। अगले दिन जब वो फिर यही काम करेगा तो दिमाग पर जोर डालेगा कि मां ने प्याज कहां रखे थे।



### नंबर गेम का कमाल

डिजिट स्पैन मतलब वो एक्सरसाइज जो बच्चे की याददाश्त बढ़ाने में मदद कर सकती हैं। इसके लिए बच्चे के सामने कुछ अंक बोलिए और उन्हें याद करने के लिए कहिए। अगले दिन बच्चे को आपको वो सारे अंक बताने होंगे। इसके लिए फोन नंबर का इस्तेमाल किया जा सकता है। आप कोई ऐसा नंबर बच्चे के सामने बोलिए जो उसे याद कराना ही हो। अब अगले कुछ दिनों तक बच्चे से वह नंबर नियमित रूप से पूछती रहें। खेल-खेल में उसकी याददाश्त बढ़ेगी।’ इस एक्सरसाइज में बच्चा बेडरूम में ही कहीं भी अपना पसंदीदा खिलौना रख कर आएगा और दूसरे दिन उसे वहां से लेकर भी आएगा। वो भूल ना पाए, इसके लिए आपको संकेत देते रहने होंगे। बच्चे से कहिए कि वो बेडरूम की किसी खास ड्राअर में अपना खिलौना रखे। कुछ देर बाद या दूसरे दिन उससे वही खिलौना लाने के लिए बोलें। इस तरह से वो जब भी अपना सामान कहीं रखेगा तो जगह याद रखेगा। दोबारा उसे वो जगह सोचनी नहीं पड़ेगी।’

प्रदेश के 10 निजी विश्वविद्यालयों में अनियमितताओं की जांच, नियमानुसार कार्रवाई जारी

# निजी उच्च शिक्षण संस्थानों में फर्जीवाड़ा रोकने के लिए नियामक आयोग गठन प्रक्रियाधीन - उप मुख्यमंत्री डॉ. प्रेमचंद बैरवा

**भीम प्रज्ञा न्यूज.जयपुर/झुंझुनूं।**

उप मुख्यमंत्री एवं उच्च शिक्षा मंत्री डॉ. प्रेमचंद बैरवा ने विधानसभा में कहा कि राज्य सरकार निजी विश्वविद्यालयों में फर्जी डिग्रियां बांटने और अनियमितताओं के मामलों को लेकर गंभीर है। शिकायतों के आधार पर प्रदेश के 10 निजी विश्वविद्यालयों के विरुद्ध जांच के आदेश दिए गए हैं और जहां भी दोष सिद्ध हुआ है, वहां नियमानुसार सख्त कार्रवाई की गई है। उन्होंने बताया कि 7 जनवरी 2026 को ओपीजेएस विश्वविद्यालय का परिसमापन कर दिया गया तथा बीकानेर संभागीय आयुक्त को प्रशासक नियुक्त किया गया। मामले में दोषी कार्मिकों और दलालों को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है। इसी प्रकार मेवाड़ विश्वविद्यालय, चित्तौड़गढ़ में भी अनियमितताओं के आरोप में संबंधित कार्मिकों की गिरफ्तारी की गई है। अन्य विश्वविद्यालयों की जांच प्रक्रिया अभी जारी है।प्रश्नकाल के दौरान विधायक कालीचरण सराफ द्वारा पूछे गए पूरक प्रश्नों का जवाब देते हुए डॉ. बैरवा ने कहा कि प्रदेश में वर्तमान में 53 निजी विश्वविद्यालय संचालित हैं। इनमें से 10 विश्वविद्यालयों के विरुद्ध अनियमितताओं की शिकायतें प्राप्त हुई हैं, जिनकी जांच करवाई जा रही है।

जांच के दायरे में शामिल विश्वविद्यालयों में सिंघानिया विश्वविद्यालय, सनराईज विश्वविद्यालय, श्रीधर विश्वविद्यालय, माधव विश्वविद्यालय, रैफल्स विश्वविद्यालय, निर्वाण विश्वविद्यालय, यूनिवर्सिटी ऑफ टेक्नोलॉजी तथा जगदीश झाबरमल टिबरेवाला विश्वविद्यालय सहित अन्य संस्थान शामिल हैं। इन संबंध में आदेशों की प्रति सदन के पटल पर रखी गई है। उप मुख्यमंत्री ने बताया कि राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड द्वारा आयोजित शारीरिक शिक्षा अध्यापक भर्ती परीक्षा 2022 में अनियमितताएं पाए जाने पर कुछ विश्वविद्यालयों की समग्र जांच एसओजी के माध्यम से कराए जाने हेतु पत्र भेजा गया है। एसओजी से प्राप्त सूचनाओं के अनुसार कुछ विश्वविद्यालयों में बैक डेट में अंकतालिकाएं और डिग्रियां जारी करने की शिकायतें मिली थीं।

ओपीजेएस विश्वविद्यालय के संचालक, पूर्व रजिस्ट्रार, पूर्व कुलपति सहित कई कार्मिकों और बिचौलियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है। इसी प्रकार मेवाड़ विश्वविद्यालय, गंगरार के तत्कालीन डीन, कार्यालय सहायक और उप परीक्षा नियंत्रक को भी गिरफ्तार किया गया है। प्रकरणों की जांच अभी जारी है। डॉ. बैरवा ने कहा कि निजी उच्च शिक्षा संस्थानों पर प्रभावी नियंत्रण और अनियमितताओं की रोकथाम के लिए नियामक आयोग के गठन की प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है। प्रस्तावित विधेयक में राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के आवश्यक प्रावधानों को भी शामिल किया जाएगा, ताकि उच्च शिक्षा प्रणाली में पारदर्शिता और गुणवत्ता सुनिश्चित की जा सके। उन्होंने बताया कि पूर्व में डॉ. भीमराव अम्बेडकर विधि विश्वविद्यालय के कुलपति की अध्यक्षता में एक समिति गठित की गई थी, जिसने विनियामक प्राधिकरण के गठन हेतु विधेयक का प्रारूप तैयार किया था। अब प्रशासनिक स्तर पर प्रावधानों को और अधिक सशक्त बनाने के लिए नई समिति गठित की गई है और शीघ्र ही संशोधित प्रारूप विधि विभाग को परीक्षण के लिए भेजा जाएगा। उन्होंने यह भी बताया कि विभाग द्वारा 28 मई 2024 और 9 अक्टूबर 2024 को सार्वजनिक नोटिस एवं आदेश जारी कर निजी विश्वविद्यालयों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए थे। सरकार का उद्देश्य उच्च शिक्षा व्यवस्था को पारदर्शी, जवाबदेह और छात्र हित में सुदृढ़ बनाना है।

# पंजाब के राज्यपाल कटारिया ने लक्ष्मणगढ़ के पंडित सुशील जोशी के आचार्यत्व में किया रूद्र यज्ञ

**भीम प्रज्ञा न्यूज.लक्ष्मणगढ़।**



कस्बे के स्थानीय निवासी व मुंबई प्रवासी भागवत आचार्य पंडित सुशील जोशी के आचार्यत्व में पंजाब के राज्यपाल गुलाबचंद कटारिया ने दिल्ली में महाशिवरात्रि पर्व पर रूद्र यज्ञ किया। इस अवसर पर उनके साथ दिल्ली के मुख्य सचिव राजीव वर्मा सपत्नीक, पूर्व एसीएस शिव प्रसाद, डॉक्टर कमला, पंजाब के एडीजी गौरव मलिक, एडवोकेट क्रुनाल, डॉक्टर कौटिल्य ने भी रूद्र यज्ञ में भाग लिया। इस मौके पर लक्ष्मणगढ़ के पंडित संदीप जोशी, पंडित कैलाश जोशी भी उनके साथ थे। रूद्र यज्ञ से पूर्व सभी आचार्य जोशी ने आगंतुक अतिथियों का तिलकार्चन कर भगवान शिव की विशेष पूजा करवाई गई। राज्यपाल गुलाबचंद कटारिया ने सभी देश वासियों को महाशिवरात्रि की बधाई दी एवं सभी की मंगलकामना की।

पावटा में 19 फरवरी को विशाल मेगा चिकित्सा शिविर एवं वृद्धजन सम्मान समारोह

# चंद्र भगवान जन कल्याण संस्थान की बैठक में तैयारियों को अंतिम रूप, पांच कमेटियों का गठन

**भीम प्रज्ञा न्यूज.पावटा/जयपुर।**



जयपुर जिले के पावटा कस्बे में 19 फरवरी को विशाल मेगा चिकित्सा शिविर एवं वृद्धजन सम्मान समारोह का आयोजन किया जाएगा। इस संबंध में चंद्र भगवान जन कल्याण संस्थान की एक महत्वपूर्ण बैठक होटल चंद्र महल, पावटा में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता संस्थान के प्रदेश अध्यक्ष जगदीश मीणा ने की, जिसमें कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार कर तैयारियों को अंतिम रूप दिया गया। प्रदेश अध्यक्ष जगदीश मीणा ने बताया कि स्वर्गीय प्रभाती देवी, स्वर्गीय नाथूराम एवं स्वर्गीय भगवान सहाय मीणा की पावन पुण्य स्मृति में यह आयोजन किया जा रहा है। मेगा चिकित्सा शिविर होटल चंद्र महल, बस स्टैंड पावटा पर लगाया जाएगा। शिविर में आंख, नाक, कान एवं गला रोग विशेषज्ञों के साथ-साथ हृदय रोग और अन्य सामान्य रोगों के विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा निशुल्क जांच एवं परामर्श सेवाएं प्रदान की जाएंगी। आयोजकों का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को बेहतर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराना है।चिकित्सा शिविर के साथ ही कार्यक्रम में 'माता-पिता पूजन दिवस' तथा 'वृद्धजन सम्मान समारोह' का भी आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर बुजुर्गों का सम्मान कर समाज में उनके प्रति आदर और सेवा की भावना को सुदृढ़ करने का संदेश दिया जाएगा।

आयोजन को सुव्यवस्थित रूप से संपन्न कराने के लिए सर्वसम्मति से पांच अलग-अलग कमेटियों का गठन किया गया।प्रचार-प्रसार कमेटी के अध्यक्ष सुरेश शर्मा बागावास बनाए गए हैं, जबकि जगदीश मीणा खेलना और जगन यादव अस्पर को सदस्य बनाया गया है। मेडिकल एवं पुस्तक कमेटी में जगदीश सेन, विक्की चौधरी और विकास मीणा को जिम्मेदारी सौंपी गई है। जल व्यवस्था कमेटी में सुल्तान यादव, महेंद्र मीणा और दिनेश मीणा शामिल हैं। टेंट व्यवस्था की जिम्मेदारी घनश्याम सैनी, नरेश सैनी और सुरेंद्र मीणा को दी गई है। अल्पाहार एवं भोजन व्यवस्था के लिए विक्की सेन, भोमाराम यादव और रोहिताश बंजारा को दायित्व सौंपा गया है।बैठक में हरिराम खारवाल, सरपंच रामकरण मीणा, समाजसेवी महेंद्र मीणा, विनोद कसाना, सुरेंद्र मीणा और घनश्याम सैनी सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। कार्यक्रम का संचालन सुरेश शर्मा बागावास ने किया, जबकि अंत में सामाजिक कार्यकर्ता भोमाराम यादव ने सभी का आभार व्यक्त किया। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि सामाजिक कार्यकर्ता निष्ठा और सेवा भाव से आगे बढ़ें, क्योंकि जनसेवा ही सबसे बड़ा धर्म है।

# महाशिवरात्रि पर द बौहराज ग्लोबल स्कूल में शिव आराधना संग बिल्व रोपण से दिया पर्यावरण का संदेश

**भीम प्रज्ञा न्यूज.महवा।**



**मनोज खंडेलवाल ।** महवा स्थित द बौहराज ग्लोबल स्कूल में महाशिवरात्रि का पावन पर्व श्रद्धा, अनुशासन और सामाजिक चेतना के संदेश के साथ गरिमामय वातावरण में मनाया गया, जहां विद्यार्थियों ने सामूहिक शिव स्तुति प्रस्तुत कर परिसर को भक्तिमय कर दिया और परंपरा के साथ संस्कारों की जीवंत अभिव्यक्ति दिखाई। कार्यक्रम के दौरान अध्यापक विशाल मिश्रा ने महाशिवरात्रि के धार्मिक, आध्यात्मिक और सांस्कृतिक महत्व को जीवन मूल्यों से जोड़ते हुए संयम, सत्य और सदाचार की प्रेरणा दी और विद्यार्थियों को आचरण में शुद्धता व समाज के प्रति जिम्मेदारी निभाने का संकल्प दिलाया। आयोजन को केवल अनुष्ठान तक सीमित न रखते हुए विद्यालय ने आस्था को पर्यावरण संरक्षण से जोड़ते हुए नन्हे विद्यार्थियों के हाथों बिल्व वृक्ष का रोपण कराया, जिससे धार्मिक परंपरा के साथ प्रकृति संरक्षण का व्यावहारिक संदेश समाज तक पहुंचा और आने वाली पीढ़ी में हरियाली के प्रति संवेदनशीलता मजबूत हुई। विद्यालय प्रबंधन ने शिक्षा को संस्कार, संस्कृति और सामाजिक दायित्व से जोड़ने की प्रतिबद्धता दोहराई और बताया कि ऐसे आयोजनों से बच्चों में अनुशासन, सह-अस्तित्व और नागरिक जिम्मेदारी की समझ विकसित होती है। कार्यक्रम में विद्यालय निदेशक विनय बौहरा, सह निदेशक विकास बौहरा, प्रधानाचार्य दिव्या मिश्रा राजेश पुनीत, उप प्रधानाचार्य श्वेता राणा, एकेडमिक इंचार्ज गिरवर यादव सहित पदमा, योगेश व अन्य शिक्षक-शिक्षिकाएं मौजूद रहीं।

# पचेरी मंडल का विराट हिंदू सम्मेलन ग्राम गूंती में संपन्न

## कलश यात्रा, समरसता हवन और पंच परिवर्तन का संदेश

**भीम प्रज्ञा न्यूज.पचेरी।**




पचेरी मंडल के तत्वावधान में ग्राम गूंती में विराट हिंदू सम्मेलन का आयोजन उत्साहपूर्वक किया गया। सम्मेलन से पूर्व भव्य कलश यात्रा निकाली गई, जिसमें मातृशक्ति सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने भाग लिया। धार्मिक जयघोषों के बीच निकली कलश यात्रा ने पूरे गांव में आध्यात्मिक वातावरण बना दिया। सम्मेलन स्थल पर समरसता हवन यज्ञ का आयोजन किया गया। इसमें प्रत्येक परिवार अपने घर से हवन सामग्री लेकर आया और सामूहिक रूप से आहुतियां दीं। आयोजन का उद्देश्य समाज में एकता, भाईचारा और समरसता का संदेश देना रहा। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता राजस्थान क्षेत्र संपर्क प्रमुख श्री श्याम मनोहर जी ने समाज को संगठित और समरस बने रहने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार भगवान शिव ने सृष्टि की रक्षा के लिए विष का पान किया, उसी प्रकार समाज और राष्ट्र की रक्षा के लिए हमें भी कष्ट सहने के लिए तैयार रहना चाहिए। उन्होंने मातृशक्ति की भूमिका पर प्रकाश डालते हुए कहा कि माता ही बच्चे की पहली गुरु होती है। भारतीय महिलाओं ने सदैव संस्कार और शस्त्र दोनों को अपनाया है और वीर शिवाजी तथा महाराणा प्रताप जैसे धर्म रक्षक सपूत राष्ट्र को दिए हैं। आज पुनः मां भारती के लिए ऐसे ही संस्कारवान पीढ़ी तैयार करने की जिम्मेदारी माताओं पर है।

उन्होंने पंच परिवर्तन के विषयों—कुटुंब प्रबोधन, समरसता, स्वदेशी, नागरिक कर्तव्य और पर्यावरण संरक्षण—पर विस्तार से प्रकाश डाला। साथ ही प्रत्येक शुभ अवसर पर एक पेड़ लगाने का संकल्प भी दिलाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता संत श्री हरसाईनाथ जी, वृंदावन धाम गूंती ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में खंड संघचालक इंदरपाल जी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में सोनू बालाजी ने उपस्थित गणमान्य नागरिकों, मातृशक्ति एवं प्रशासन का सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया। सम्मेलन में बड़ी संख्या में ग्रामीणों की उपस्थिति रही और आयोजन को सफल बनाने में स्थानीय कार्यकर्ताओं की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# श्रीडूंगरगढ़ की नेत्री नीरू चौधरी ने जयपुर में 'नेतृत्व सृजन' शिविर में लिया भाग

## महिला कांग्रेस को जमीनी स्तर पर मजबूत करने का लिया संकल्प

**भीम प्रज्ञा न्यूज.जयपुर/श्रीडूंगरगढ़।**




राजधानी जयपुर में महिला सशक्तिकरण और संगठनात्मक मजबूती के उद्देश्य से आयोजित दो दिवसीय 'नेतृत्व सृजन' प्रशिक्षण शिविर संपन्न हुआ। इस शिविर में श्रीडूंगरगढ़ की उभरती महिला नेत्री नीरू चौधरी ने भाग लेकर महिलाओं के अधिकारों की आवाज बुलंद करने तथा संगठन को मजबूत बनाने का संकल्प लिया। यह प्रशिक्षण शिविर अखिल भारतीय महिला कांग्रेस के तत्वावधान में आयोजित किया गया, जिसमें प्रदेशभर से आई महिला कार्यकर्ताओं ने सहभागिता की। शिविर के दौरान महिलाओं को राजनीतिक नेतृत्व, संगठनात्मक कौशल और जनसंपर्क के विभिन्न पहलुओं पर प्रशिक्षण दिया गया। नीरू चौधरी ने बताया कि शिविर महिलाओं के हक, अधिकार और न्याय की लड़ाई को नई दिशा देने वाला रहा। इसमें महिलाओं को राजनीति की अग्रिम पंक्ति में सक्रिय भूमिका निभाने, पार्टी की विचारधारा से गहराई से जुड़ने तथा ब्लॉक और जिला स्तर पर संगठन को मजबूत करने की रणनीति पर विशेष मार्गदर्शन दिया गया।कार्यक्रम में कांग्रेस के राष्ट्रीय और प्रदेश स्तरीय दिग्गज नेताओं की उपस्थिति ने शिविर को गरिमामय बनाया। अखिल भारतीय महिला कांग्रेस की अध्यक्ष अलका लांबा ने महिलाओं को संगठित होकर सामाजिक और राजनीतिक मुद्दों पर सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया। राजस्थान कांग्रेस प्रभारी सुखविंदर सिंह रंधावा ने संगठनात्मक एकजुटता पर जोर दिया। पूर्व उपमुख्यमंत्री सचिन पायलट ने युवाओं और महिलाओं की भागीदारी को लोकतंत्र की मजबूती का आधार बताया।

राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा, महिला कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष सारिका सिंह चौधरी, पूर्व कैबिनेट मंत्री ममता भूपेश तथा एआईसीसी सचिव रेहाना रियाज चिश्ती सहित अन्य वरिष्ठ नेताओं ने भी महिलाओं को संगठन की रीढ़ बताते हुए सक्रिय योगदान का आह्वान किया। नीरू चौधरी ने कहा कि नेतृत्व सृजन शिविर से उन्हें बहुत कुछ सीखने का अवसर मिला है। उन्होंने कहा कि महिलाओं के अधिकारों की रक्षा और संगठन को सशक्त बनाने के लिए ऐसे आयोजन मील का पत्थर साबित होते हैं। उन्होंने विश्वास दिलाया कि वे पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ कांग्रेस पार्टी की मजबूती के लिए कार्य करेंगी। श्रीडूंगरगढ़ क्षेत्र में नीरू चौधरी की सक्रिय भागीदारी को लेकर कार्यकर्ताओं में उत्साह देखा गया और इसे क्षेत्र की महिलाओं के लिए प्रेरणादायक कदम बताया गया।

# हिंदू राष्ट्र और पंच परिवर्तन का आह्वान

## महावीर बस्ती में विराट हिंदू सम्मेलन का आयोजन

**भीम प्रज्ञा न्यूज.श्रीमाधोपुर।**




श्रीमाधोपुर की महावीर बस्ती में विराट हिंदू सम्मेलन का आयोजन उत्साह और गरिमामय वातावरण में वार्ड 23 में रविवार को सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के मेवाराम तथा लोहार्गल प्रधान सूर्य मंदिर महन्त स्वामी अवधेशाचार्य महाराज व ओमकारदास महाराज का सानिध्य प्राप्त हुआ। स्वामी अवधेशाचार्य महाराज ने कहा कि ऐसे आयोजन समाज की सांस्कृतिक चेतना को जीवित रखते हैं। भारत की प्राचीन सभ्यता, वर्ण व्यवस्था की मूल भावना और सामाजिक समरसता पर प्रकाश डालते हुए उन्होंने कहा कि समाज को विभाजन से बचाकर एकता की दिशा में आगे बढ़ना आवश्यक है। पांच परिवर्तन को अपनाकर हिंदू राष्ट्र की ओर आगे बढ़ाने की बात की, स्वदेशी वस्तुओं का उपयोग, भोजन की बर्बादी रोकना, समाज के वंचित वर्गों को जोड़ने की बात कही। हिंदू राष्ट्र आवश्यकता है। नागरिक कर्तव्यों के पालन के प्रति सजग रहें। स्व के जागरण के लिए स्वभाषा, स्व बोली, वेशभूषा को नहीं भूलें। स्वदेशी वस्तुओं का उपयोग करें और स्वावलंबन पर जोर दें। मुकेश कुमार शर्मा ने बताया कि महामंडलेश्वर ओमकारदास महाराज कहा कि सनातन का अर्थ है जो कभी समाप्त नहीं होता। विविधता में एकता ही हिंदू समाज की विशेषता है। परिवारों में संस्कार, परंपरा और नियमित पारिवारिक संवाद आवश्यक हैं। मुख्य वक्ता मेवाराम ने अपने उद्बोधन में राष्ट्र के प्रति कर्तव्य बोध का संदेश दिया। उन्होंने पंच परिवर्तन को जीवन का हिस्सा बनाने का आह्वान किया-राष्ट्र प्रथम की भावना, हिंदू समाज की एकता, स्वदेशी का उपयोग, पर्यावरण संरक्षण (सिंगल यूज़ प्लास्टिक का त्याग), नागरिक कर्तव्यों का पालन तथा सामाजिक समरसता को व्यवहार में उतारना। चित्रा लाटा ने कहा यूं संघ की स्थापना तो 1925 में ही हो गई थी, लेकिन श्रीमाधोपुर में पहली शाखा 1944 में शुरू हुई। श्रीमाधोपुर की 9 बस्तियों में आज महावीर बस्ती में महिलाओं की भागीदारी देखकर उन्हें घुंघट से बाहर निकाल कर, पढ़ लिखकर महिलाओं के आगे बढ़ाने के साथ महिला सशक्तिकरण की बात की। बस्ती के मंदिर महन्त अशोक शर्मा, महेंद्र जोशी व पटवा व गौरव प्रतिभाओं राघव शर्मा, घनिष्ठ नांगलका, नितेश गर्ग का सम्मान किया गया। मंच संचालन झंडू गोठवाल ने किया। स्वामी अवधेशाचार्य महाराज ने वंदे मातरम देश का मंत्र है। राष्ट्रगीत वंदे मातरम का सामूहिक गायन करवाया। यह हमें याद दिलाती है कि हमारा जीवन इस मातृभूमि के लिए है और उसी के लिए समर्पित रहेगा। स्वामी अवधेशाचार्य महाराज श्रीकृष्ण गौशाला भी गए व गौसेवा के लिए राकेश शर्मा की प्रशंसा के साथ गौसेवा करने का आह्वान व स्वदेशी अपनाने पर जोर दिया।

# राजस्थान इतिहास, कला एवं संस्कृति पर आधारित नई पुस्तक का विमोचन

**भीम प्रज्ञा न्यूज.लक्ष्मणगढ़।**



राजस्थान लोक सेवा आयोग (RPSC) की बदलती परीक्षा प्रवृत्तियों को ध्यान में रखते हुए वरिष्ठ शिक्षाविद् प्राध्यापक जे. पी. सैनी एवं अध्यापक अरविन्द शर्मा द्वारा लिखित पुस्तक 'राजस्थान इतिहास, कला एवं संस्कृति' का विमोचन किया गया। यह पुस्तक एग्जाम वारियर पब्लिकेशन द्वारा प्रकाशित की गई है। पुस्तक के लेखकों ने बताया कि यह पुस्तक विशेष रूप से राजस्थान लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित स्कूल व्याख्याता भर्ती परीक्षा के प्रथम प्रश्न पत्र को ध्यान में रखकर तैयार की गई है। लेखकों ने पुस्तक में हिंदी ग्रंथ अकादमी, राजस्थानी ग्रंथागार सहित अनेक विश्वसनीय स्रोतों एवं मानक पुस्तकों का समावेश करते हुए समग्र एवं प्रामाणिक सामग्री प्रस्तुत की है।यह पुस्तक न केवल स्कूल व्याख्याता भर्ती परीक्षा के लिए उपयोगी है, बल्कि द्वितीय श्रेणी अध्यापक भर्ती परीक्षा तथा पुलिस उपनिरीक्षक भर्ती परीक्षा की तैयारी करने वाले अभ्यर्थियों के लिए भी समान रूप से सहायक सिद्ध होगी। राष्ट्रीय राजमार्ग 52 पर सेठों की कोठी से बैरास जाने वाले रास्ते पर निर्माणाधीन महात्मा ज्योतिबा फुले छात्रावास में महाशिवरात्रि पर आयोजित छात्रावास अध्यक्ष अनिल कुमार बागड़ी की अध्यक्षता में आयोजित गरिमामय समारोह में विमोचन किया गया। राष्ट्रीय राजमार्ग 52 पर सेठों की कोठी से बैरास जाने वाले रास्ते पर निर्माणाधीन महात्मा ज्योतिबा फुले छात्रावास में आयोजित गरिमामय कार्यक्रम में छात्रावास के अध्यक्ष अनिल कुमार बागड़ी, उद्योगपति हैदराबाद प्रवासी महेश कुमार बागड़ी, दिल्ली प्रवासी प्रेमप्रकाश बागड़ी, बैंगलौर प्रवासी राकेश कुमार बागड़ी, मुकेश बागड़ी, जयपुर प्रवासी राजकुमार कम्मा, उपकोषाधिकारी सज्जन कुमार सैनी, सहायक लेखाधिकारी प्रथम झाबरमल माली, छात्रावास के महामंत्री महेंद्र कुमार माली, चार्टेड अकाउंटेंट राकेश कुमार सैनी, बैंक मैनेजर अनिल कुमार सैनी, रामस्वरूप पीटीआई, पूर्व पार्षद राकेश कुमार सैनी , श्रीमती शारदा देवी, श्रीमती सुलोचना देवी, श्रीमती बबीता,श्रीमती प्रियंका, श्रीमती ममता बागड़ी व्याख्याता जयप्रकाश सैनी, सतीश कुमार सैनी, दिलीप कुमार सैनी, प्रमोद कुमार सैनी नथमल सेठों की कोठी, मनोज राकसिया आदि मौजूद थे। संचालन महेंद्र कुमार ने किया जबकि झाबरमल माली ने आभार जताया।

# गांधी जीवन दर्शन समिति के प्रदेश प्रशिक्षक मेहर कटारिया ने पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत से की मुलाकात

**भीम प्रज्ञा न्यूज.चिड़ावा।**



गांधी जीवन दर्शन समिति के प्रदेश प्रशिक्षक एवं सामाजिक कार्यकर्ता मेहर कटारिया ने जयपुर स्थित निवास पर पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत से शिष्टाचार मुलाकात कर उनके स्वास्थ्य की कुशलक्षेम जानी। इस दौरान उन्होंने गांधी जीवन दर्शन समिति की गतिविधियों को और अधिक प्रभावी बनाने हेतु अपने सुझाव भी साझा किए। मुलाकात के दौरान संगठनात्मक विषयों पर सकारात्मक चर्चा हुई तथा समाज में गांधीवादी विचारधारा के प्रसार को लेकर विचार-विमर्श किया गया। इस अवसर पर मुकेश सैनी भी साथ मौजूद रहे।

# महाशिवरात्री का पर्व पर शिवालयो में उमड़ा सैलाब स्थानीय श्रृद्वालुओ सहित विदेशी पर्यटको ने भी की पुजा

## अल सुबह से ही छोटे बड़े शिव मंदिरो में श्रद्वालुओ ने पूजन कर रिझाया भोले बाबा को

### पारदर्शी शिवलिंग की पूजा का होता है विशेष महत्व

### भक्तों ने भगवान शिव को गाजर,बेर,आक, धतुरा,पंचामृत चढ़ाकर किया अभिषेक

**भीम प्रज्ञा न्यूज.मंडावा।**

**पवन कुमार शर्मा** । फाल्गुन मास में मनाया जाने वाला महाशिवरात्रि का पर्व आज कस्बे सहित उपखंड क्षेत्र में रविवार को श्रद्धा, समर्पण और अटूट आस्था का महापर्व 'महाशिवरात्रि' अभूतपूर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया, जिससे पूरा क्षेत्र शिव भक्ति के अनन्य उल्लास में डूबा नजर आया। तड़के की पहली किरण के साथ ही शिवालयों में श्रद्धालुओं का अपार जनसैलाब उमड़ना शुरू हो गया, जहाँ भक्तों ने महादेव के अभिषेक और मंगल कामनाओं के साथ स्वयं को भक्ति रस में सराबोर कर लिया। कस्बे के कण-कण में शिवत्व का वास महसूस किया गया। महापर्व के पावन अवसर पर पूरा कस्बा शिवमय नजर आ रहा है। शहर और ग्रामीण क्षेत्रों के शिव मंदिरों में सुबह से ही श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ रही है। भक्त भगवान शिव को जल, बेलपत्र, आक ,धतूरा, बेर ,गाजर सहित अन्य द्रव प्रदार्थ अर्पित कर श्रद्धालु पूरे विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर भोले को रिझाया। विश्व स्तर पर अपनी पहचान रखने वाला ऐतिहासिक पारदर्शी शिवलिंग कँचनियाँ महादेव मंदिर में अल सुबह से ही श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। पूजा के इस दौर में स्थानीय श्रद्धालुओं सहित विदेशी पर्यटको ने भी पूजा अर्चना की। पर्व को लेकर छोटे बड़े सभी शिवालयों सहित भूतनाथ मंदिर, ब्रह्म बगीची मंदिर में भक्तों ने भगवान शिव की पूजा अर्चना की। पर्व को लेकर सभी शिव मंदिरो के परिसर को फूलों और रंग-बिरंगी रोशनी से आकर्षक रूप से सजाया गया। 'हर-हर महादेव' और 'बम-बम भोले' के जयघोष से वातावरण भक्तिमय बना रहा। श्रद्धालुओं ने दूध, दही, शहद और जल से महादेव का अभिषेक कर पुण्य लाभ अर्जित किया। इसके अलावा कई मंदिरों में महाआरती और रात्रि जागरण के कार्यक्रम भी आयोजित किए गए। पूरे क्षेत्र में श्रद्धा और उत्साह का माहौल बना हुआ है।






### ये है खास मान्यता :

पर्यटन नगरी मंडावा में करीब 125 वर्षो पुर्व स्थापित कंचनीया महादेव पारदर्शी शिवालय में धार्मिक आस्था का प्रमुख केन्द्र है। मान्यता है कि इस शिवलिंग के दर्शन करने से मनोकानमाए पुरी होती है। शास्त्रानुसार पारस से बने शिवलिंग की पुजा का विशेष महत्व होता है। मंडावा के वार्ड 15 में स्थित इस पारदर्शी शिवलिंग के दर्शन करने के लिए देश विदेश से बड़ी संख्या मे श्रृद्धालु यहॉ आते है। इस शिवलिंग की खास बात ये हे कि इसमें आरपार देखा जा सकता है। पारस से बने शिवलिग स्फटीक पत्थर के इस शिवलिंग पर अभिषेक ओर सजावट के बाद एक अदभुत चमक दिखाई देती है। ये श्रद्धालुओं के लिए एक बड़ी आस्था का धार्मिक रूप से ऐतिहासिक स्थान है।

### महाकाल राजाधिराज के रूप किया श्रृंगार,

पारदर्शी शिवलिंग मंदिर में विराजमान बाबा भोले का महाकाल राजाधिराज के रूप नयनाभिराम श्रृंगार किया गया। बाबा भोले को प्रियंका तूनवाल, पूनम तूनवाल, मनीषा कुमावत, भूमि कुमावत ने जोधपुरी साफा पहनाकर फूलों से सजाया गया। 26 फरवरी 2025 को नारेडा परिवार द्वारा ब्रह्म बगीची मंदिर में शिव पुराण प्रतिष्ठा करवरकर यह संकल्प लिया था कि वार्षिक अभिषेक उनके परिवार द्वारा संपन्न किया जाएगा।

# बड़बर श्मशान घाट में विश्राम गृह का निर्माण, ग्रामवासियों को मिली बड़ी सुविधा

**भीम प्रज्ञा न्यूज.बुहाना।**



सेवानिवृत प्रधानाध्यापक प्यारेलाल जांगिड़ एवं महेश चन्द्र जांगिड़ निवासी बड़बर द्वारा श्मशान घाट बड़बर में विश्राम गृह का निर्माण करवाया गया। यह निर्माण कार्य वर्ष 2026 में स्व. परमाराम एवं मिश्री देवी (माता-पिता), चाचा जयदयाल तथा स्व. श्रीमती रतनी देवी (धर्मपत्नी) की स्मृति में उनके सहयोग से पूर्ण कराया गया। ग्राम के श्मशान घाट में पूर्व में छाया या खड़े रहने की कोई समुचित व्यवस्था नहीं थी। अंतिम संस्कार के दौरान ग्रामवासियों को धूप, सर्दी एवं वर्षा में काफी असुविधा का सामना करना पड़ता था। इसी आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए दोनों भाइयों ने जनहित में विश्राम गृह का निर्माण करवाया, ताकि अंतिम संस्कार के समय ग्रामीणों को मौसम की मार से राहत मिल सके। यह विश्राम गृह अब समस्त ग्रामवासियों के उपयोग के लिए समर्पित कर दिया गया है। ग्रामीणों ने इस पुनीत कार्य के लिए दोनों भाइयों का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर रामसिंह राजपूत, महेंद्र सिंह राजपूत, रोहिताश, रघुवीर, देवीदत्त, सुनील, महेश चन्द्र जांगिड़, सुरेश यादव, नरेश, मनीष, नितिन सहित अनेक ग्रामवासी उपस्थित रहे।

## बुहाना के नजदीक जयसिंहपुरा के पास भीषण सड़क हादसा

# जाखोड़ा निवासी 25 साल के युवक की मौत, एक घायल, बस चालक फरार

**भीम प्रज्ञा न्यूज.बुहाना**

बुहाना-सूरजगढ़ मार्ग पर जयसिंहपुरा के पास निजी बस की टक्कर से गांव जाखोड़ा निवासी 25 वर्षीय युवक की मौके पर मौत हो गई, जबकि एक अन्य युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद बस चालक मौके से फरार हो गया। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। बुहाना से गांव जाखोड़ा की ओर आ रहे दो युवकों को बुहाना-सूरजगढ़ रोड पर जयसिंहपुरा के निकट एक निजी बस ने टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि जाखोड़ा निवासी 25 वर्षीय देवेंद्र पुत्र बालाराम कस्वा ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। देवेंद्र चार भाइयों में तीसरे नंबर का था और एक फाइनेंस कंपनी में कार्यरत बताया जा रहा है। वह अविवाहित था। इस हादसे से गांव में शोक की लहर दौड़ गई।

हादसे में धनरूप पुत्र ओमप्रकाश खटाना गंभीर रूप से घायल हो गया। दुर्घटना की सूचना मिलते ही 108 एंबुलेंस मौके पर पहुंची और दोनों घायलों को बुहाना के राजकीय अस्पताल ले जाया गया। चिकित्सकों ने जांच के बाद देवेंद्र को मृत घोषित कर दिया, जबकि धनरूप की हालत नाजुक होने के कारण उसे झुंझुनूं के लिए रेफर कर दिया गया। सूचना मिलते ही बुहाना पुलिस दुर्घटना स्थल पर पहुंची, लेकिन टक्कर मारने वाली बस और उसका चालक मौके से गायब मिले। पुलिस ने आसपास के क्षेत्र में तलाश शुरू कर दी है और मामले की जांच जारी है ! दुर्घटना की खबर मिलते ही मृतक के परिजन बुहाना अस्पताल पहुंचे। शव को अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया गया है। पुलिस के अनुसार सुबह से पोस्टमार्टम की प्रक्रिया चल रही हैं पूरी कर शव परिजनों को सौंप दिया जाएगा।



# बीकानेर भाजपा पदाधिकारियों ने जयपुर में उप-मुख्यमंत्री दिया कुमारी को 'जनहितैषी बजट' के लिए दी बधाई

**भीम प्रज्ञा न्यूज.जयपुर/बीकानेर।**

राजस्थान सरकार द्वारा पेश किए गए विकासोन्मुखी और ऐतिहासिक बजट की सराहना करते हुए बीकानेर भाजपा के शीर्ष नेतृत्व ने जयपुर स्थित सिविल लाइन्स पहुंचकर उप-मुख्यमंत्री एवं वित्त मंत्री दिया कुमारी से शिष्टाचार भेंट की।



बीकानेर भाजपा जिलाध्यक्ष सुमन छाजेड़ के नेतृत्व में जिला महामंत्री श्याम सिंह हाडला, कौशल शर्मा और महिला मोर्चा प्रदेश मंत्री शिखा बैद सहित अन्य पदाधिकारियों ने उप-मुख्यमंत्री को पुष्पगुच्छ भेंट कर शानदार बजट के लिए आभार व्यक्त किया। शहर जिलाध्यक्ष सुमन छाजेड़ ने कहा कि यह बजट राजस्थान के भविष्य को संवारने वाला है, जिसमें समाज के हर वर्ग–किसान, युवा और व्यापारियों–का विशेष ध्यान रखा गया है। प्रदेश मंत्री शिखा बैद ने बजट में महिलाओं के स्वावलंबन और सुरक्षा के लिए की गई विशेष घोषणाओं के लिए वित्त मंत्री का धन्यवाद ज्ञापित किया। जिला महामंत्री श्याम सिंह हाडला और कौशल शर्मा ने बजट को 'ऐतिहासिक' बताते हुए कहा कि शिक्षा, स्वास्थ्य और बुनियादी ढांचे पर दिया गया जोर मारवाड़ और पूरे प्रदेश की प्रगति को नई गति प्रदान करेगा। मुलाकात के दौरान उप-मुख्यमंत्री दिया कुमारी ने बीकानेर से आए पदाधिकारियों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे बजट की। लोक-कल्याणकारी योजनाओं और सरकार की उपलब्धियों को अंतिम छोर पर बैठे व्यक्ति (आमजन) तक पहुँचाने का कार्य करें।

# श्री श्रद्धा नाथजी महाराज के आश्रम में अलौकिक आस्था का ज्वार, महाशिवरात्रि पर उमड़ी श्रद्धा

### पीठाधीश्वर श्री बैजनाथ जी महाराज के सान्निध्य में दीप ज्योति से आरंभ हुआ महोत्सव

**भीम प्रज्ञा न्यूज.लक्ष्मणगढ़।**

श्री श्रद्धानाथजी महाराज के आश्रम में रविवार को महाशिवरात्रि पर्व श्रद्धा, भक्ति और आध्यात्मिक ऊर्जा के अद्वितीय संगम के रूप में मनाया गया। पीठाधीश्वर बैजनाथ महाराज के सान्निध्य में आयोजित मुख्य कार्यक्रम में 'हर-हर महादेव' और 'बोल बम' के गगनभेदी जयघोष से पूरा परिसर शिवमय हो उठा। वातावरण में गूंजती घंटियों की ध्वनि और दीपों की ज्योति ने भक्तों को आध्यात्मिक अनुभूति से सराबोर कर दिया। कार्यक्रम का शुभारंभ आश्रम के युवा संत प्रकाशनाथ महाराज एवं मुख्य अतिथि मनोहर शरण दास महाराज पलसाना ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। दीप की पावन ज्योति ने शिव तत्व की दिव्यता का संदेश देते हुए समारोह को औपचारिक शुरुआत प्रदान की। मुख्य अतिथि मनोहर शरणदास महाराज ने अपने ओजस्वी प्रवचन में शिव महिमा का गुणगान करते हुए कहा कि भगवान शिव केवल देवाधिदेव नहीं, बल्कि सृष्टि का अंतिम और शाश्वत सत्य हैं। उन्होंने कहा कि शिव तत्त्व हमें संयम, करुणा, त्याग और समर्पण की प्रेरणा देता है। शिव ही आदियोगी हैं, शिव ही संहारक और शिव ही पुनर्सृजन के आधार–जीवन का प्रत्येक क्षण शिव की चेतना से अनुप्राणित है। उनके विचारों ने उपस्थित श्रद्धालुओं को आत्ममंथन के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर युवा संत प्रकाशनाथ महाराज एवं संगीत गुरु जयकांत खरादी के सान्निध्य में मनुश्री भातरा, प्रियांशी, जीविश नारनौलिया, मोहित शर्मा, विदिशा मजूमदार, पुनीत पाराशर, निखिल पुजारी, वैष्णवी जोशी, यश खरादी सहित अन्य नन्हे बच्चों ने शिव महिमा पर आधारित भजनों की भावपूर्ण प्रस्तुतियां दीं। मधुर स्वरों और ताल की संगति ने पूरे वातावरण को भक्तिरस में डुबो दिया। श्रद्धालु भजनों पर झूमते नजर आए। कार्यक्रम में भाग लेने वाले सभी बाल कलाकारों का अतिथियों द्वारा सम्मान कर उनका उत्साहवर्धन किया गया। समापन पर महाप्रसाद वितरण हुआ, जिसमें श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण कर आध्यात्मिक तृप्ति का अनुभव किया। इस अवसर पर भाजपा नेता दिनेश जोशी, कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष सुरेंद्र रुहेला, पीएस जाट, कांताप्रसाद मोर, शिक्षाविद आशकरण शर्मा, रामनिवास शर्मा, राजेंद्र ताखर, सीए सुनील मोर, डॉ. मनीषा शर्मा, अर्जुनलाल वर्मा, डूंगर सिंह शेखावत सहित बड़ी संख्या में शिवभक्त, मातृशक्तियां एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम का प्रभावी संचालन डॉ. मधु शर्मा एवं राजीव जोशी ने किया। पूरे आयोजन ने यह संदेश दिया कि शिव भक्ति केवल अनुष्ठान नहीं, बल्कि जीवन को प्रकाशमान करने वाली चेतना है।



## ऑपरेशन जीवन ज्योति के तहत नशा मुक्ति अभियान तेज

# तलवाड़ा व जाखल में जागरूकता अभियान, 5 नए पीड़ित चिन्हित कर दी गई दवाइयां

**भीम प्रज्ञा न्यूज़.फतेहाबाद/टोहाना।**

**रजत विजय रंगा,।** पुलिस अधीक्षक सिद्धांत जैन, आईपीएस* के दिशा-निर्देशन में जिलेभर में चलाए जा रहे 'ऑपरेशन जीवन ज्योति' के अंतर्गत नशा मुक्ति अभियान को निरंतर गति दी जा रही है। इसी क्रम में एसआई सुंदर के कुशल नेतृत्व में नशा मुक्ति टीम फतेहाबाद ने गांव तलवाड़ा तथा जाखल क्षेत्र में व्यापक जनजागरूकता अभियान चलाया। टीम ने गांव तलवाड़ा व जाखल के विभिन्न गली-चौराहों पर लोगों से संपर्क कर उन्हें नशे के दुष्प्रभावों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। युवाओं और अभिभावकों को विशेष रूप से जागरूक करते हुए नशे से होने वाले शारीरिक, मानसिक और सामाजिक नुकसान पर प्रकाश डाला गया। टीम ने उपस्थित लोगों को नशे से दूर रहने और अन्य लोगों को भी प्रेरित करने का आह्वान किया।अभियान के दौरान उपचाराधीन नशा पीड़ितों से मिलकर उनका फीडबैक भी लिया गया तथा उनकी स्वास्थ्य स्थिति के बारे में जानकारी प्राप्त की गई। टीम द्वारा गांव तलवाड़ा से 01 तथा जाखल से 04 नए ड्रग पीड़ितों को चिन्हित किया गया। काउंसलिंग के उपरांत उन्हें आयुर्वेदिक एवं होम्योपैथिक दवाइयां उपलब्ध करवाई गईं तथा नियमित उपचार जारी रखने की सलाह दी गई। इसके अतिरिक्त टीम ने हरियाणा नशा मुक्ति केंद्र, जाखल का दौरा कर वहां उपचाराधीन पीड़ितों की काउंसलिंग की और केंद्र में उपलब्ध सुविधाओं एवं उपचार प्रक्रिया की जानकारी प्राप्त की।



# 'संडे ऑन साइकिल' का 13वां संस्करण उत्साहपूर्वक आयोजित

**भीम प्रज्ञा न्यूज.बीकानेर।**

भारत सरकार की फिट इंडिया मूवमेंट के अंतर्गत डूंगर महाविद्यालय में रविवार को 'संडे ऑन साइकिल' कार्यक्रम का 13वां संस्करण सफलतापूर्वक आयोजित किया गया। जिला साइक्लिंग संघ के सचिव सुरेंद्र कूकणा ने बताया कि कार्यक्रम का उद्देश्य नागरिकों को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने, नियमित व्यायाम और साइक्लिंग के प्रति जागरूक करना रहा।कार्यक्रम सुबह 8:00 बजे आयोजित किया गया जिसमें प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इसमें बड़ी संख्या में महिलाओं, युवाओं एवं बच्चों की सहभागिता रही। कूकना ने बताया कि कार्यक्रम को राजकीय डूंगर महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर राजेंद्र पुरोहित तथा जिला साइक्लिंग संघ के सचिव सुरेंद्र कूकणा ने हरी झंडी दिखाकर शुभारंभ किया।अतिथियों ने प्रतिभागियों को फिट रहने, साइक्लिंग को जीवनशैली का हिस्सा बनाने एवं पर्यावरण संरक्षण में योगदान देने के लिए प्रेरित किया।प्रतिभागियों ने पूरे जोश के साथ साइकिल रैली में हिस्सा लेते हुए 'फिटनेस की डोज़, आधा घंटा रोज़' का संदेश दिया। कार्यक्रम के दौरान वार्म-अप एवं स्ट्रेचिंग गतिविधियों के माध्यम से फिटनेस के महत्व पर भी प्रकाश डाला गया। कार्यक्रम के अंत में सुरेंद्र कूकणा ने बताया कि बीकानेर में प्रत्येक रविवार को संडे ऑन साइकिल का आयोजन किया जाता है साथ ही सभी प्रतिभागियों को नियमित रूप से साइक्लिंग अपनाने, स्वस्थ जीवनशैली बनाए रखने तथा पर्यावरण संरक्षण में योगदान देने का संदेश दिया गया। कार्यक्रम में प्राचार्य राजेंद्र पुरोहित तथा जिला साइक्लिंग संघ के सचिव सुरेंद्र कूकणा, मुन्नीराम गोदारा, धर्माराम, बस्तीराम, राजेश चौधरी एवं अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।




# टोहाना में महाशिवरात्रि पर राज्यसभा सांसद सुभाष बराला ने डांगरा धाम में किया जलाभिषेक

### देश व प्रदेश की सुख-समृद्धि के लिए की प्रार्थना

**भीम प्रज्ञा न्यूज़.टोहाना।**

**रजत विजय रंगा ।** महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर राज्यसभा सांसद सुभाष बराला ने रविवार को प्रसिद्ध डांगरा धाम पहुंचकर भगवान शिव के दर्शन किए और विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर जलाभिषेक किया। इस अवसर पर उन्होंने हरियाणा प्रदेश एवं देशवासियों के सुख, शांति, समृद्धि और उत्तम स्वास्थ्य की कामना की। सांसद ने स्वर्ग आश्रम सेवा समिति टोहाना द्वारा महाशिवरात्रि पर आयोजित किए गए आयोजन में भी शिकरत की। सांसद बराला ने कहा कि महाशिवरात्रि केवल एक धार्मिक पर्व नहीं, बल्कि आध्यात्मिक जागरण और आत्मचिंतन का अवसर है।भगवान शिव का जीवन त्याग, तपस्या, समर्पण और लोककल्याण का संदेश देता है। उन्होंने कहा कि भोलेनाथ की आराधना से जीवन में सकारात्मक ऊर्जा, संयम और सेवा भाव का संचार होता है, जो समाज को एकता और सद्भाव की दिशा में अग्रसर करता है। डांगरा धाम में आयोजित धार्मिक अनुष्ठान में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। सांसद बराला ने श्रद्धालुओं से संवाद करते हुए सभी को महाशिवरात्रि की हार्दिक शुभकामनाएं दीं तथा समाज में भाईचारे, प्रेम और आपसी सौहार्द को मजबूत करने का संदेश दिया।उन्होंने



# जनकसिंहपुरा में आस्था का सैलाब: बाबा नीमनाथ मंदिर में 15वां विशाल भंडारा

**भीम प्रज्ञा न्यूज.नीमराना।**




**रमेशचंद** । नीमराना नगर पालिका क्षेत्र के जनकसिंहपुरा गांव स्थित बाबा नीमनाथ मंदिर परिसर में रविवार को 15वें विशाल भंडारे का आयोजन श्रद्धा, उत्साह और भक्ति भाव के साथ किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने बाबा के दरबार में हाजिरी लगाकर प्रसाद ग्रहण किया। भंडारे का शुभारंभ विधिवत पूजा-अर्चना के साथ हुआ। मंदिर परिसर में भक्ति संगीत और जयकारों से वातावरण भक्तिमय बना रहा। आयोजन समिति के कमेटी अध्यक्ष अतरसिंह यादव, रामअवतार और शेरसिंह ने बताया कि नगर पालिका चेयरमैन प्रतिनिधि शिवचरण गुप्ता के सहयोग से भंडारे की सभी व्यवस्थाएं सुचारु रूप से संपन्न कराई गईं। समिति सदस्यों ने कहा कि ऐसे धार्मिक आयोजनों का उद्देश्य समाज में आपसी भाईचारे, सहयोग और सेवा भावना को बढ़ावा देना है। कार्यक्रम में क्षेत्र के अनेक गणमान्यजन एवं ग्रामीणों ने सक्रिय भागीदारी निभाई और व्यवस्थाओं में सहयोग दिया। इस अवसर पर कमेटी अध्यक्ष अतरसिंह यादव, रामअवतार, शेरसिंह प्रजापत, उमराव सिंह, सतवीर प्रजापत, बाबूलाल यादव, शेरसिंह ठेकेदार, दुलीचंद प्रजापत, रमेश प्रजापत, राकेश यादव, प्रदीप यादव, हरिराम, हरीश क्रेन, मनीष, नरेश, रोहित प्रजापत सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। भंडारे के सफल आयोजन पर ग्रामीणों ने प्रसन्नता व्यक्त की और भविष्य में भी इसी तरह सामूहिक धार्मिक कार्यक्रम आयोजित करने का संकल्प लिया।

# सनातन संस्कृति ही विश्व कल्याण का मार्ग: चिड़ावा में विराट हिंदू सम्मेलन और भव्य कलश यात्रा आयोजित

**भीम प्रज्ञा न्यूज.चिड़ावा।**

परमहंस बस्ती द्वारा आयोजित विराट हिंदू सम्मेलन रविवार को टिबड़ा गेस्ट हाउस में श्रद्धा और उत्साह के साथ संपन्न हुआ। शुक्र गिरी महाराज के पावन सानिध्य में आयोजित इस कार्यक्रम ने पूरे शहर को धर्ममय कर दिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता आयोजन समिति के अध्यक्ष दामोदर प्रसाद हिम्मतरामका ने की, जबकि प्रभु शरण तिवारी विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। मुख्य वक्ता एवं राष्ट्रवादी चिंतक गेंदालाल ने मां भारती और प्रभु श्री राम के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन कर कार्यक्रम का आगाज़ किया। उन्होंने अपने संबोधन में जोर देते हुए कहा, 'वर्तमान परिप्रेक्ष्य में सनातन मूल्य ही विश्व कल्याण का एकमात्र मंत्र हैं। हमें अपने परिवारों को आधुनिकता के दुष्प्रभावों से बचाकर पुरातन संस्कृति, गौरवशाली इतिहास और संस्कारों से जोड़ना होगा।' विशिष्ट अतिथि प्रभु शरण तिवारी ने मंगलाचरण कर हिंदू संस्कृति की गूढ़ व्याख्या की। संयोजक प्रदीप मोदी ने बताया कि सम्मेलन से पूर्व पुरानी बस्ती स्थित श्री श्याम मंदिर गेस्ट हाउस से 1101 कलशों और धर्म ध्वजा के साथ विशाल शोभायात्रा निकाली गई। बैंड-बाजे और देशभक्ति के तरानों के साथ निकली इस यात्रा में बड़ी संख्या में मातृशक्ति पीत वस्त्रों में शामिल हुई। यात्रा के दौरान भगवान राम, लक्ष्मीबाई, बावलिया बाबा और शिव परिवार की जीवंत झांकियां आकर्षण का केंद्र रहीं। कार्यक्रम स्थल पर समरसता यज्ञ का भी आयोजन किया गया। समाज सेवा के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने वाली चिड़ावा की 21 सामाजिक संस्थाओं को इस मंच से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का सफल संचालन प्रदीप मोदी ने किया। इस भव्य आयोजन में प्रवीण वर्मा, मूलचंद नारहड़िया, अजय बागड़ी, राजकुमार जिसपाल, मोहित कुमार, सुशील कुमार, गिरधारी बागड़ी, चंद्रशेखर, रमेश धानुका, बबीता जिसपाल, मनोहरलाल, संतोष देवी, मनोहर लाल जांगिड़, कांति प्रसाद हलवाई, अंकित भगेरिया, शुभम भागेरिया, सूरजभान, अतिरिक्त जिला शिक्षा अधिकारी राजेश हलवान, सुनील शर्मा, विद्या वर्मा, टीना शर्मा, रामचंद्र शर्मा, रमेश यादव, अनीता शर्मा, पुष्पा भगेरिया, मीनू लाट, नरेंद्र गिरधर, मोहित तामडायत, अन्नू तंवर, आजाद, प्रेम गोदारा, कविता शर्मा, राजू मालानी, संतोष, अर्चना वर्मा, करुणा मोदी और राजीव व्यास सहित बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक और मातृशक्ति उपस्थित रहे।



# कृषि यंत्रों पर अनुदान के लिए आवेदन की अंतिम तिथि 16 फरवरी: डीसी

### अनुसुचित जाति,लघु एवं सीमांत, महिला किसानो को 50 प्रतिशत व अन्य किसानो को 40 प्रतिशत तक दिया जाएगा अनुदान

**भीम प्रज्ञा न्यूज.रेवाड़ी।**

**भांडोरिया ।** डीसी अभिषेक मीणा ने बताया कि कृषि एवं किसान कल्याण विभाग हरियाणा द्वारा कृषि मशीनीकरण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आरकेवीवाई स्कीम के स्मैम (एसएमएएम) मद के तहत कृषि यंत्रों पर अनुदान दिया जा रहा है। किसान इस अनुदान योजना का लाभ उठाने के लिए 16 फरवरी 2026 तक कृषि विभाग की वेबसाइट www.agriharyana.gov.in पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। कृषि एवं किसान कल्याण विभाग के उप निदेशक डा. जितेंद्र अहलावत ने जानकारी देते हुए बताया कि वे किसान जो मेरी फसल मेरा ब्यौरा पोर्टल पर सीजन रबी 2024 एवं खरीफ 2025 में पंजीकृत है, वो ही इस स्कीम में आवेदन के लिए पात्र होंगे। एक परिवार पहचान पत्र में से केवल एक किसान एक कृषि यंत्र पर ही अनुदान का लाभ ले सकता है। अनुसूचित जाति/लघु एवं सीमांत/महिला किसानों को 50 प्रतिशत व अन्य किसानों को 40 प्रतिशत तक का अनुदान दिया जाएगा। लघु एवं सीमांत श्रेणी का लाभ किसानों को उनके मेरी फसल मेरा ब्यौरा पोर्टल पर पंजीकृत जमीन के आधार पर दिया जाएगा। सहायक कृषि अभियंता, इंजी. दिनेश शर्मा ने बताया कि इस स्कीम के तहत विभिन्न कृषि यंत्रों जैसे बैटरी/इलेक्ट्रिक/सोलर ऑपरेटिड पावर वीडर, राइड ऑन सेल्फ प्रोपेल्ड मल्टी टूलबार, सेल्फ प्रोपेल्ड हाईक्लीयरंश बूम स्प्रेयर, हाई कैपेसिटी चाफकटर लोडर के साथ (5 टन से 10 टन/घंटा, 10 टन प्रति घंटे से अधिक एवं चाफ कटर मोटर ऑपरेटिड), ट्रैक्टर ऑपरेटिड साइलेज पैकिंग मशीन/बेलर (1400-1500 के.जी./ऑवर), बैटरी ऑपरेटर फर्टिलाइजर ब्राडकास्टर, ट्रैक्टर ऑपरेटिड फर्टिलाइजर ब्राडकास्टर, ट्रैक्टर ऑपरेटिड हाइड्रोलिक प्रेस स्ट्रा बेलर, सब सॉयलर, मल्टीक्रोप बेड प्लांटर/रेज्ड बेड प्लांटर, सेल्फ प्रोपेल्ड राइस ट्रांसप्लांटर (4 लाइन), विनोविंग फैन, मिलेट मशीन/मिलेट मील, मेज थ्रेशर ( ट्रैक्टर ऑपरेटिड)/मैज सलैसर, न्यूमैटिक प्लांटर, ऑयल एक्सपेलर, शुगर केन थ्रेस कटर 75 इंच साइज, मोबाइल/कॉटन श्रेडर ( ट्रैक्टर ऑपरेटिड), काऊ डंग ब्रिकेट मशीन, काऊ डंग डीवाटरिंग मशीन, पैडी मोबाइल ड्रायर, लेजर लैंड लेवलर, रोटावेटर, ट्रैक्टर माउंटिड पावर वीडर, आलू बोने की मशीन इत्यादि पर अनुदान उपलब्ध करवाया जाएगा। योजना का लाभ लेने के लिए इच्छुक किसान विभाग की वेबसाइट www.agriharyana.gov.in पर 16 फरवरी 2026 तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

सहायक कृषि अभियंता ने बताया कि ऑनलाइन आवेदन के लिए किसान के नाम हरियाणा राज्य में पंजीकृत ट्रैक्टर की वैध आर.सी (परिवार के किसी सदस्य के नाम जो परिवार पहचान पत्र में हो), बैंक खाता, पैन कार्ड, परिवार पहचान पत्र व आधार कार्ड की आवश्यकता होगी। यदि कोई किसान अनुसूचित जाति से संबंध रखता है तो उसे अनुसूचित जाति प्रमाण पत्र देना होगा। आवेदन करने वाले किसान को खेत में फसल अवशेष नहीं जलाने बारे, पिछले 3 वर्षों में उसी कृषि यंत्र पर अनुदान न लेने बारे शपथ पत्र भी देना होगा। यदि आवेदनों की संख्या निर्धारित लक्ष्य से अधिक होती है, तो डीसी की अध्यक्षता में गठित कमेटी द्वारा ड्रा/ऑफ लॉट्स के माध्यम से लाभार्थियों का चयन किया जाएगा। किसानों से अपील है कि वे समय रहते आवेदन करें व योजना का लाभ उठाएं। किसान अधिक जानकारी के लिए उक्त वेबसाइट पर, सहायक कृषि अभियंता, रेवाड़ी या अपने संबंधित खंड कृषि अधिकारी/कृषि विकास अधिकारी से संपर्क कर सकते हैं। जिन कृषि यंत्र निर्माताओं की मशीन/कृषि यंत्र, भारत सरकार द्वारा अधिकृत टेस्टिंग सेंटरों से टेस्ट की हुई है और वो कृषि विभाग, हरियाणा की सब्सिडी स्कीमों के तहत अपनी मशीन/कृषि यंत्र देना चाहते है। वो कृषि एवं किसान कल्याण विभाग हरियाणा पंचकूला की वेबसाइट पर अपना पंजीकरण करवाएं।

# चिड़ावा में 'न्यू PS ज्वैलर्स एवं फैशन' का भव्य आगाज

### विधायक श्रवण कुमार ने किया उद्घाटन, बोले- अब दिल्ली-जयपुर जैसी सुविधाएं चिड़ावा में

**भीम प्रज्ञा न्यूज.चिड़ावा।**





नगर के गांधी चौक स्थित राजकला कॉम्प्लेक्स के समीप रविवार को 'न्यू PS ज्वैलर्स एंड संस' एवं 'न्यू PS फैशन' का भव्य शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सूरजगढ़ विधायक श्रवण कुमार ने विधिवत रूप से फीता खोलकर शोरूम का उद्घाटन किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में शहर के गणमान्य नागरिक और व्यापारिक हस्तियां मौजूद रहीं। उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए विधायक श्रवण कुमार ने कहा, 'जो आधुनिक सुविधाएं और वैरायटी ग्राहकों को दिल्ली या जयपुर जैसे बड़े शहरों में मिलती हैं, वही अब 'न्यू PS के माध्यम से चिड़ावा में उपलब्ध कराई जा रही हैं।' उन्होंने भावुक होते हुए आगे कहा कि PS ज्वैलर्स परिवार के साथ उनका पुराना और पारिवारिक रिश्ता है, जो विश्वास की नींव पर टिका है।

**एक ही छत के नीचे संपूर्ण रेंज**

शोरूम संचालक सचिन सोनी ने बताया कि ग्राहकों को यहाँ हॉलमार्क प्रमाणित सोने और चांदी की ज्वेलरी के नवीनतम और आकर्षक डिजाइन्स मिलेंगे। वहीं, शेखर सोनी (फौजी) ने जानकारी दी कि 'न्यू PS फैशन' के रूप में महिलाओं के लिए एक विशेष डेस्टिनेशन तैयार किया गया है। यहाँ बनारसी सिल्क साड़ियों से लेकर डिजाइनर लहंगे और फैंसी कलेक्शन की विस्तृत रेंज एक ही छत के नीचे उपलब्ध है। इस अवसर पर उपस्थित क्षेत्रवासियों ने इस नई शुरुआत की सराहना करते हुए इसे चिड़ावा के बाजार के लिए एक बड़ी उपलब्धि बताया। इस अवसर पर रोशन सोनी, समाजसेवी शीशराम हलवाई, पृथ्वीराज शर्मा अध्यक्ष विप्र फाउंडेशन तहसील चिड़ावा,प्रेम सोनी,चेतन शर्मा, सीताराम खोजी, सुनील कुमार, अनिल कुमार, सौरभ सोनी, राजेन्द्र सैनी, प्रकाश गुज़र, संजय सोनी, मोतीलाल, कोमल राठौड़, रंजन सोनी, मुकेश शर्मा सहित श हर के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहें।

# मशहूर सांगी पंडित रामकंवार खालेटिया को उनकी पुण्यतिथि पर किया याद

**भीम प्रज्ञा न्यूज.रेवाड़ी।**



**भांडोरिया ।** अपने जमाने के मशहूर सांगी पं. रामकंवार खालेटिया की 21 वीं पुण्यतिथि रविवार को उनके पैतृक गांव खालेटा में धूमधाम से मनाई गई। यह जानकारी देते हुए उनके सुपुत्र कैलाश चंद ने बताया कि इस मौके उनके समाधि स्थल पर हवन यज्ञ कर उनकी प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की गई। इस दौरान महंत विष्णुदास और उपस्थित लोगों ने बताया कि पंडित रामकंवार खालेटिया अपने समय के एक लोकप्रिय सांगी हुए हैं। उन्होंने तीन दशक से भी अधिक समय तक सांग मंचन किया। उन्होंने अनेक सांगों की रचना की, जिनमें पिंगला भरथरी, भक्त पूरणमल, रत्न सिंह किरणमई, अंधी दुल्हन आदि उनके लोकप्रिय सांग थे। सांग मंचन के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए आज भी उन्हें सम्मान के साथ याद किया जाता है। इस मौके पर पूर्व हेडमास्टर शिव कुमार शर्मा, कैलाश शर्मा, अरुण शर्मा, बाबूलाल खोला, संतोष शर्मा, जोगिन्द्र यादव, डॉ. पवन यादव, हरिराम, रामसिंह, कामरेड पूरनमल मुद्गिल, रामचंद्र यादव, राजू चौहान, राजेश सहित अनेक लोग मौजूद रहे।

# अवैध हथियार रखने वालों की धरपकड़ का अभियान लगातार जारी, एक आरोपी गिरफ्तार

## आरोपी से 01 अवैध देशी कट्टा बरामद

**भीम प्रज्ञा न्यूज.रेवाड़ी।**



**भांडोरिया ।** पुलिस अधीक्षक हेमेंद्र कुमार मीणा के कुशल निर्देशन में कार्य करते हुए सीआईए धारूहेड़ा निरीक्षक योगेश हुड्डा की टीम ने अवैध हथियार रखने वालो के खिलाफ सख्त कार्यवाई करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए आरोपी की पहचान राजस्थान के जिला खौरथल तिजारा के गांव उजौली निवासी नवीन कुमार उर्फ अंडा के रूप में हुई है। जांचकर्ता ने बताया कि गत 14 फरवरी को सीआईए धारूहेड़ा को सूचना मिली थी कि नवीन कुमार उर्फ अंडा निवासी गांव उजौली जिला खौरथल तिजारा राजस्थान जिसके पास अवैध हथियार है। जो वह अभी पार्श्वनाथ कॉलोनी रोड पर किसी के इंतजार मे खड़ा हुआ है। जिस सूचना पर तुरंत रेडिंग पार्टी तैयार करके बताए हुए स्थान पर पहुंच कर साथी मुलाजमान की मदद से आरोपी को काबू करके नाम पता पूछा तो उसने अपना नाम नवीन कुमार उर्फ अंडा निवासी गांव उजौली जिला खौरथल तिजारा राजस्थान बतलाया। पुलिस द्वारा आरोपी की तलाशी लेने पर 01 अवैध देशी कट्टा बरामद हुआ। जिस पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ थाना धारूहेड़ा में शस्त्र अधिनियम तहत मामला दर्ज करके आरोपी नवीन कुमार उर्फ अंडा को गिरफ्तार कर लिया है।

# एस.डी. हाई स्कूल खुशपुरा में सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से सजा वार्षिक समारोह, विद्यार्थियों ने बिखेरा प्रतिभा का जलवा

**भीम प्रज्ञा न्यूज.रेवाड़ी/हरियाणा।**



भगत सिंह बौद्ध खंड जाटूसाना के एस.डी. हाई स्कूल, खुशपुरा में विद्यालय का वार्षिक उत्सव एवं पारितोषिक वितरण समारोह बड़े हर्षोल्लास एवं गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। समारोह में एडवोकेट राजकुमार जलवा (पूर्व खंड शिक्षा अधिकारी) एवं सुरेंद्र माडिया (जिला पार्षद) मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। विशिष्ट अतिथि के रूप में सुधीर यादव (प्रवक्ता, कंप्यूटर साइंस) तथा राजेश कुमार (पूर्व अध्यापक) ने शिरकत की। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय की प्राचार्या राजेश प्रकाश ने की। कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती की वंदना से हुआ तथा कक्षा छठी की छात्राओं ने स्वागत गीत प्रस्तुत कर अतिथियों का अभिनंदन किया। इसके पश्चात पुलवामा में आतंकी हमले में शहीद हुए वीर सैनिकों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। सांस्कृतिक कार्यक्रमों की श्रृंखला में विद्यार्थियों ने रंगारंग प्रस्तुतियों से समां बांध दिया। 'सोशल मीडिया का भूत' नाटक, हरियाणवी एवं राजस्थानी लोकनृत्य, मोनो एक्ट सहित विभिन्न प्रस्तुतियों ने दर्शकों की भरपूर सराहना प्राप्त की। छात्र नक्श ने हनुमान जी का रूप धारण कर 'जय श्रीराम' के उद्घोष से वातावरण को भक्तिमय बना दिया। छात्रा आरजू ने विद्यालय की वर्षभर की उपलब्धियों का प्रभावी प्रस्तुतीकरण किया।

विद्यालय के नन्हे-मुन्ने विद्यार्थियों ने भी अपनी प्रतिभा से सभी को चकित किया। मात्र 4 वर्षीय छात्र आरव ने हरियाणा के सभी जिलों के नाम मंच से सुनाए, जबकि एल.के.जी. के छात्र गौरव ने देश के सभी राज्यों के नाम उनकी राजधानियों सहित सुनाकर सबको प्रभावित किया। नर्सरी व के.जी. के बच्चों के लिए 'गेंद पकड़' प्रतियोगिता तथा अभिभावकों के लिए म्यूजिकल चेयर एवं 'सुई-धागा दौड़' प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिससे समारोह में उत्साह का माहौल बना रहा। पूरे हरियाणा राज्य में फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली छात्रा चंचल एवं छात्र नक्श व संजना को विशेष रूप से सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि एडवोकेट राजकुमार जलवा ने अपने संबोधन में कहा कि विद्यालय में शिक्षा के साथ -साथ विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास हेतु विविध गतिविधियों का उत्कृष्ट संचालन किया जा रहा है। सुरेंद्र माडिया ने अपने उद्बोधन में बताया कि वे स्वयं तथा उनका पुत्र भी इसी विद्यालय के विद्यार्थी रहे हैं और पिछले 30 वर्षों में इस विद्यालय ने क्षेत्र में विशिष्ट पहचान बनाई है। पूर्व अध्यापक राजेश कुमार ने विद्यालय की सराहना करते हुए कहा कि यह एकमात्र विद्यालय है जहाँ सभी विद्यार्थी संस्कृत विषय का अध्ययन कर रहे हैं। प्रवक्ता सुधीर यादव ने 'मातृ-पितृ पूजन दिवस' की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए अपनी स्वरचित कविता प्रस्तुत की। कार्यक्रम का सफल मंच संचालन विद्यालय की छात्राओं वंशिका एवं गीतांशु ने किया। अंत में विद्यालय प्रबंधन द्वारा सभी अतिथियों को स्मृति-चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया तथा राष्ट्रगान के साथ समारोह का समापन हुआ। इस अवसर पर समस्त विद्यालय परिवार के साथ अनेकों प्रबुद्ध ग्रामीण जन, अभिभावकगण एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# शूटिंग चैंपियनशिप में पदक जीतने वाली खिलाड़ियों को विधायक ने किया सम्मानित

### सेक्टर चार राव शूटिंग एकेडमी में आयोजित हुआ सम्मान समारोह

**भीम प्रज्ञा न्यूज.रेवाड़ी।**





**भांडोरिया ।** शहर के सेक्टर-4 स्थित राव शूटिंग एकेडमी में प्रतिभावान खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में शूटिंग चैंपियनशिप में पदक जीतकर देश व क्षेत्र का नाम रोशन करने वाली खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में विधायक लक्ष्मण सिंह यादव मुख्य अतिथि रहे। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में सह विभाग संचालक राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ डॉ. रामावतार लांबा, समाजसेवी एवं पार्षद प्रतिनिधि जैनाबाद भूपेंद्र खोला, हरियाणा सिविल मेडिकल सर्विस एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉ. अनिल यादव, चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के सेवानिवृत्त प्रोफेसर डॉ. एमएस यादव, डॉ. रवि यादव तथा डॉ. रविंद्र यादव मौजूद रहे। अकादमी के संचालक एवं अंतरराष्ट्रीय शूटिंग कोच रमन राव ने सभी अतिथियों का स्वागत किया। समारोह में एशियाई सिल्वर व गोल्ड मेडलिस्ट चहक यादव, नेशनल गोल्ड मेडलिस्ट सुषमा यादव तथा नेशनल गोल्ड व सिल्वर मेडलिस्ट सिध्या सिंह को सम्मानित किया गया। खिलाड़ियों की उपलब्धियों की सराहना करते हुए विधायक लक्ष्मण सिंह यादव ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र से निकलकर राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सफलता हासिल करना युवाओं के लिए प्रेरणादायक है। उन्होंने कहा कि बेटियां आज हर क्षेत्र में देश का नाम रोशन कर रही हैं और सरकार भी खेल प्रतिभाओं को आगे बढ़ाने के लिए निरंतर प्रयासरत है। उन्होंने कहा कि खिलाड़ियों की उपलब्धियों पर पूरे क्षेत्र को गर्व है। प्रदेशभर में खेल नर्सरियां खोली जा रही हैं और खिलाड़ियों की हर प्रकार से मदद की जा रही है। सरकार की खेल नीतियों के कारण ही हरियाणा खेलों में अग्रणी राज्यों में शामिल है। खिलाड़ियों की उपलब्धियों के लिए उन्होंने कोच रमन राव को भी बधाई दी। इस अवसर पर मास्टर चिरंजी लाल, हेडमास्टर समय सिंह, योगा इंटरनेशनल कोच डॉ. युद्धवीर यादव, डॉ. पंकज यादव, डॉ. प्रीति यादव, एडवोकेट हरीश यादव, लेक्चरर परमजीत यादव, कैप्टन वेद प्रकाश, एसडीओ विनोद यादव, गो क्रांति गौशाला के संचालक प्रदीप डागर, सरपंच सतबीर, प्रवीण यादव, योगेंद्र यादव, रविंद्र यादव, उत्तम सिंह, एनके यादव, कमलेश यादव, राजेश यादव, मंजू यादव व संयोगिता यादव सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

# इस्लामपुर में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का विधायक राजेंद्र भांबू ने किया उद्घाटन

## उद्घाटन के समय ही बच्ची के जन्म को लोगों ने बताया शुभ संकेत

**भीम प्रज्ञा न्यूज़.झुंझुनूं।**



विधानसभा क्षेत्र झुंझुनूं की पंचायत इस्लामपुर स्थित राजकीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) का रविवार को विधायक राजेन्द्र भाम्बू ने विधिवत फीता काटकर उद्घाटन किया। इस अवसर पर विधायक भाम्बू ने कहा कि सीएचसी के शुरू होने से इस्लामपुर पंचायत सहित आसपास के दर्जनों गांवों के लोगों को अब गुणवत्तापूर्ण एवं सुलभ स्वास्थ्य सेवाएं अपने क्षेत्र में ही उपलब्ध हो सकेंगी। गंभीर रोगियों को जिला मुख्यालय जाने की मजबूरी कम होगी और समय पर उपचार संभव हो पाएगा। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राज्य सरकार ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य ढांचे को सुदृढ़ करने के लिए प्रतिबद्ध है। समारोह के दौरान ही स्वास्थ्य केंद्र में ग्राम भुडुंडा कलां निवासी कृष्ण कुमार की पत्नी काजल कुमारी ने एक स्वस्थ पुत्री को जन्म दिया। उद्घाटन के साथ ही नवजात के जन्म को उपस्थित जनसमूह ने शुभ संकेत बताते हुए खुशी जाहिर की। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व उप जिला प्रमुख बनवारी लाल सैनी ने की। इस दौरान विश्वंभर पूनिया, मुकेश पातुसरी, सीएमएचओ डॉ छोटे लाल गुर्जर, चिकित्सा अधिकारी कुलदीप छाबा, पारस लाखलाण, डॉ. नेहा सहित अनेक जनप्रतिनिधि, अधिकारी एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। बड़ी संख्या में ग्रामीण एवं महिलाएं भी समारोह में शामिल हुईं। विधायक भाम्बू ने इस सौगात के लिए मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनके नेतृत्व में प्रदेश में स्वास्थ्य सेवाओं का निरंतर विस्तार हो रहा है। समारोह के अंत में ग्रामीणों ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की सौगात के लिए विधायक एवं राज्य सरकार का धन्यवाद ज्ञापित किया।

# टीट में श्याम भक्तों की सेवा के लिए लगाए गए शिविर का विधायक ने किया शुभारंभ

**भीम प्रज्ञा न्यूज.रेवाड़ी।**



**भांडोरिया ।** राष्ट्रीय राजमार्ग नम्बर 11 पर गांव टीट में राव उमराव सिंह फार्म पर श्री श्याम भक्तों की सेवा के लिए लगाए गए शिविर का शुभारंभ बावल के विधायक डॉ. कृष्ण कुमार ने किया । इस मौके पर जिला भाजपा सचिव दिनेश यादव टीट और शिविर आयोजक समाजसेवी अजीत सिंह टोनी भी मौजूद रहे । शिविर में पहुंचने पर विधायक का आयोजक ओर ग्रामीणों द्वारा स्वागत किया। पूजा अर्चना उपरांत विधायक डॉ कृष्ण कुमार ने कहा कि श्री श्याम सबके पालनहार है। कलियुग में श्री श्याम की भक्ति और उनका आशीर्वाद हर इंसान को मिलता है। उन्होंने कहा कि महाभारत युद्ध की समाप्ति के बाद भगवान श्री कृष्ण ने बर्बरीक की वीरता ओर भक्ति से प्रसन्न होकर उनको वरदान दिया कि वह कलयुग में श्याम के नाम से पूजे जाएंगे ओर सच्चे मन से उनका नाम लेने वाले की मनोकामना पूरी होगी। इस अवसर पर काफी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

# फतेहाबाद मेन मार्केट में 'नो पार्किंग' नियम लागू, यातायात पुलिस की सख्त कार्रवाई - अव्यवस्थित पार्किंग पर चालान व क्रेन कार्रवाई की चेतावनी

**भीम प्रज्ञा न्यूज़.फतेहाबाद।**




**रजत विजय रंगा ।** पुलिस अधीक्षक सिद्धांत जैन, आईपीएस के दिशा-निर्देशन में यातायात पुलिस फतेहाबाद द्वारा शहर की यातायात व्यवस्था को सुचारू एवं सुरक्षित बनाए रखने के लिए विशेष अभियान चलाया गया। इसी क्रम में फतेहाबाद के मेन मार्केट क्षेत्र में अव्यवस्थित पार्किंग की समस्या को गंभीरता से लेते हुए 'नो पार्किंग' के बोर्ड स्थापित किए गए हैं। पुलिस का उद्देश्य बाजार क्षेत्र में जाम की स्थिति को समाप्त करना तथा आमजन को सुरक्षित और व्यवस्थित यातायात सुविधा प्रदान करना है। थाना यातायात प्रभारी उपनिरीक्षक जय सिंह ने बताया कि मेन मार्केट में कई स्थानों पर बिना निर्धारित पार्किंग के वाहन खड़े किए जाने से आमजन, दुकानदारों तथा राहगीरों को भारी असुविधा का सामना करना पड़ता था।आपातकालीन वाहनों जैसे एम्बुलेंस व फायर ब्रिगेड को भी मार्ग मिलने में कठिनाई होती थी। इसी को ध्यान में रखते हुए प्रमुख स्थानों पर स्पष्ट रूप से 'नो पार्किंग' बोर्ड लगाए गए हैं तथा नियमित गश्त कर निगरानी की जा रही है। उन्होंने कहा कि सभी वाहन चालकों से अनुरोध है कि अपने वाहन केवल निर्धारित पार्किंग स्थलों पर ही खड़े करें। नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध मोटर वाहन अधिनियम के तहत चालान किया जाएगा। आवश्यकता पड़ने पर क्रेन की सहायता से गलत तरीके से खड़े वाहनों को उठाकर निर्धारित स्थान पर ले जाया जाएगा, जिसका खर्च संबंधित वाहन मालिक को वहन करना होगा। यातायात पुलिस ने नागरिकों से अपील की है कि वे यातायात नियमों का पालन कर प्रशासन का सहयोग करें, ताकि फतेहाबाद शहर में सुचारू एवं सुरक्षित यातायात व्यवस्था सुनिश्चित की जा सके।

# टी20 वर्ल्ड कप: जेसन होल्डर और शाई होप का कमाल, वेस्ट इंडीज ने नेपाल को रौंदकर सुपर 8 में मारी एंट्री

**मुंबई (एजेंसी)।** जेसन होल्डर के चार विकेट और कप्तान शाई होप की 44 गेंदों पर 61 रनों की पारी की बदौलत वेस्ट इंडीज ने रविवार को मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में आईसीसी पुरुष टी20 विश्व कप 2026 के 25वें मैच में नेपाल को नौ विकेट से हरा दिया। इस जीत के साथ ही कैरेबियन टीम सुपर एट में पहुंचने वाली पहली टीम बन गई। नेपाल आधिकारिक तौर पर सुपर एट की दौड़ से बाहर हो गया है। शाई होप की अगुवाई वाली वेस्ट इंडीज ने 134 रनों के मामूली लक्ष्य को महज 15.2 ओवरों में हासिल कर एशियाई टीम पर आसान जीत दर्ज की।

ब्रैंडन किंग (17 गेंदों पर 22 रन) और होप (44 गेंदों पर 61 रन नाबाद) ने पहले विकेट के लिए 43 रनों की साझेदारी की। इसके बाद शिमरोन हेटमायर (32 गेंदों पर 46 रन नाबाद) होप के साथ जुड़े और वेस्ट इंडीज को जीत की ओर ले गए। इससे पहले, टॉस जीतकर वेस्ट इंडीज ने पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया और स्पिनर अकील हुसैन से गेंदबाजी की शुरुआत की। कुशल भुरटेल और आसिफ शेख ने नेपाल की ओर से पारी की शुरुआत की। नेपाल के लिए शुरुआत बेहद खराब रही क्योंकि मैच के पहले ही ओवर की पांचवीं गेंद पर हुसैन ने कुशल भुरटेल को एक रन पर आउट कर दिया।

कप्तान रोहित पौडेल चौथे ओवर में मात्र पांच रन बनाकर पवेलियन लौट गए, जब मैथ्यू फोर्डे की गेंद पर पैड पर गेंद लगने से वे एलबीडब्ल्यू हो गए। पावरप्ले में ही नेपाल ने अपना तीसरा विकेट जेसन होल्डर के हाथों गंवा दिया। आसिफ शेख (11) ने शुरुआत में दो चौके लगाए। नेपाल पावरप्ले के अंत तक तीन महत्वपूर्ण विकेट खोकर 22 रन पर ढेर हो गया। पावरप्ले के बाद, शानदार फॉर्म में चल रहे गेंदबाज जेसन होल्डर ने आरिफ शेख को दो रन पर आउट कर दिया। लोकेश बाम के 13 रन पर शमर जोसेफ द्वारा आउट होने के बाद, नेपाल का स्कोर 11वें ओवर में 46-5 था। छठे विकेट के लिए दीपेंद्र सिंह ऐरी और गुलसन झा के बीच 23 रनों की छोटी साझेदारी हुई, जिसके बाद गुलसन 11 रन बनाकर रोस्टन चेस के हाथों क्लीन बोल्ड हो गए। नेपाल की पारी में दीपेंद्र ही एकमात्र सकारात्मक खिलाड़ी रहे। उन्होंने सोमपाल कामी के साथ सातवें विकेट के लिए 54 रनों की महत्वपूर्ण साझेदारी में अहम भूमिका निभाई। यह साझेदारी तब समाप्त हुई जब दीपेंद्र 47 गेंदों में 58 रन बनाकर होल्डर की गेंद पर आउट हो गए। नेपाल ने अपनी पारी 133/8 के स्कोर पर समाप्त की।



## शेल्टन ने सेमीफाइनल थ्रिलर में शापोवालोव को हराया, फ्रिट्ज भी फाइनल में पहुंचे



**डलास (एजेंसी)।** बेन शेल्टन नेक्सो डलास ओपन में अपने साथी लेफ्टी डेनिस शापोवालोव के बड़े टेस्ट से बच निकले, जहां उन्होंने आखिरी सेट के टाई-ब्रेक में जीत हासिल करके फाइनल में जगह बनाई। दूसरे सीड वाले खिलाड़ी ने डिफेंडिंग चैंपियन को 4-6, 6-4, 7-6(4) से हराया।

दूसरे सीड वाले शेल्टन ने पूरे मुकाबले में दबाव में शानदार हिम्मत दिखाई। उन्होंने 11 में से 10 ब्रेक पॉइंट बचाए, जिसमें दूसरे सेट में 2-2 पर क्लच वॉली से एक जरूरी सेव और तीसरे सेट में 5-5 पर एक और सेव शामिल है। इस जीत के साथ, उन्होंने जोड़ी की हेड टू हेड सीरीज में 4-0 की बढ़त बना ली। फाइनल में शेल्टन का मुकाबला टॉप सीड टेलर फ्रिट्ज से होगा। 2018 के बाद से यह टूर्नामेंट में टॉप दो सीड के बीच पहला फाइनल होगा, जब टॉप सीड केविन एंडरसन ने न्यूयॉक में दूसरे सीड सैम क्वेरी को हराया था, जहां पहले यह टूर्नामेंट हुआ था।

फ्रिट्ज ने शनिवार को सेमीफाइनल में फिर से वापसी कर रहे मारिन सिलिच का सिलसिला रोक दिया। थोड़े अंतर से तय हुए मैच में, टॉप सीड ने अपना धैर्य बनाए रखा और क्रोएशियाई खिलाड़ी को दो घंटे, दो मिनट के रोमांचक मुकाबले में 7-6(5), 7-6(3) से हराया, और 37 साल के खिलाड़ी को 22 एस से हराया।

फ्रिट्ज ने कोर्ट पर अपने इंटरव्यू में कहा, %बस बहुत शांत सर्विंग। मुझे लगता है कि जब मैं शांत और रिलैक्स महसूस करता हूं, तो यही सबसे बड़ी बात है, मैं अच्छी सर्व करता हूं।% दोनों खिलाड़ियों ने बिना ब्रेक वाले मैच में बड़ी डिलीवरी से दबदबा बनाया। फ्रिट्ज़ को ब्रेक पॉइंट का सामना नहीं करना पड़ा और उन्होंने सिलिच के 16 के मुकाबले 22 एस मारे, जिसमें पहले सेट के टाई-ब्रेक में चार शामिल थे।

हालांकि वह अपने पांच ब्रेक-पॉइंट मौकों में से किसी को भी भुना नहीं पाए, लेकिन सर्व पर फ्रिट्ज के शांत स्वभाव ने आखिरकार फर्क पैदा किया क्योंकि उन्होंने अपने पहले सर्व पॉइंट्स का 86 प्रतिशत (48/56) जीता। इस जीत के साथ फ्रिट्ज ने जोड़ी की हेड2हेड सीरीज़ में 3-1 की बढ़त बना ली और 2024 में यूएस ओपन के फ़ाइनल में पहुंचने के बाद घरेलू मैदान पर अपने पहले फाइनल में पहुंच गए।

## अरुंधति रेड्डी की घातक गेंदबाजी से भारत की जीत, सीरीज में 1-0 की बढ़त



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पहले टी20 मुकाबले में भारतीय महिला टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 21 रन (DLS नियम) से जीत दर्ज की। कप्तान हरमनप्रीत कौर की अगुवाई में टीम इंडिया ने तीन मैचों की सीरीज में 1-0 की बढ़त बना ली। टॉस के बाद पहले बल्लेबाजी करने उतरी ऑस्ट्रेलियाई टीम को भारतीय गेंदबाजों ने 133 रन पर समेट दिया, जबकि दो ओवर अभी बाकी थे।

अरुंधति रेड्डी मैच की स्टार रहीं। उन्होंने 4 ओवर में 22 रन देकर 4 विकेट झटके और अहम मौकों पर ऑस्ट्रेलिया की पारी को झकझोर दिया। रेणुका सिंह और श्री चरणी ने भी सधी हुई गेंदबाजी की। कप्तान हरमनप्रीत कौर ने फील्डिंग में शानदार डाइविंग कैच लेकर टीम का हौसला बढ़ाया।

ऑस्ट्रेलिया ने तेज शुरुआत की और तीन ओवर में 22 रन बना लिए, लेकिन बेथ मूनी के आउट होते ही विकेटों का सिलसिला शुरू हो गया। एलिस पेरी और फोएबे लिचफील्ड ने 41 रन की साझेदारी कर पारी को संभालने की कोशिश की, लेकिन भारतीय गेंदबाजों ने वापसी करते हुए लगातार विकेट चटकाए।

80 रन पर पांच विकेट गिरने के बाद ऑस्ट्रेलिया की टीम बड़ा स्कोर खड़ा नहीं कर सकी। जॉर्जिया वेयरहैम ने थोड़ी देर संघर्ष किया, लेकिन टीम 133 रन पर सिमट गई।

लक्ष्य का पीछा करते हुए भारत ने अच्छी शुरुआत की। टीम का स्कोर 50/1 था जब सिडनी क्रिकेट ग्राउंड पर बारिश के कारण खेल रोकना पड़ा।

उपकप्तान स्मृति मंधाना (16*) और जेमिमा रोड्रिग्स (9*) क्रीज पर मौजूद थीं। बारिश के कारण मैच दोबारा शुरू नहीं हो सका और छ्रस्स नियम के तहत भारत को 21 रन से विजेता घोषित किया गया।

# टी20 वर्ल्ड कप: श्रीलंका के खिलाफ जीत के इरादे से उतरेगी ऑस्ट्रेलिया

**पल्लेकेले(एजेंसी)।** ऑस्ट्रेलिया की टीम मेजबान श्रीलंका के खिलाफ सोमवार को यहां होने वाले टी20 विश्व कप ग्रुप बी के अहम मुकाबले में किसी भी हाल में जीत हासिल करना रहेगा। ऑस्ट्रेलिया का लक्ष्य इस मैच को जीतकर सुपर आठ में पहुंचने की अपनी संभावनाएं बनाये रखना रहेगा। पिछले मैच में टीम को जिम्बाब्वे के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा था। उससे सबक लेते हुए ऑस्ट्रेलियाई टीम इस मैच में अनुभवी बल्लेबाज स्टीव स्मिथ को शामिल कर सकती है। पिछले मैच में उसके बल्लेबाज लक्ष्य का पीछा करने में असफल रहे थे। अब उसे सुपर आठ में पहुंचने के लिए इस मैच के साथ ही ओमान के खिलाफ मैच में बड़ी जीत दर्ज करनी होगी।

ऑस्ट्रेलिया अभी ग्रुप बी में अंक तालिका में दो मैचों में दो अंक के साथ तीसरे स्थान पर है। जिम्बाब्वे के खिलाफ उसके शीर्ष क्रम के बल्लेबाज विफल रहे थे जिससे टीम 146 रन ही बना पायी और उसे 23 रनों से हार का सामना करना पड़ा था। कप्तान मिचेल मार्श चोटिल होने के कारण उस मैच में नहीं खेल पाए थे। वहीं स्मिथ को मार्श के कवर के तौर पर टीम में शामिल किया गया है उन्हें हालांकि अभी तक आधिकारिक तौर पर 15 सदस्यीय टीम में शामिल नहीं किया गया है।




ऑस्ट्रेलियाई टीम स्मिथ को चोटिल तेज गेंदबाज जोश हेज़लवुड के बाहर होने के कारण उनकी जगह पर शामिल कर सकती है। स्पिन के खिलाफ स्मिथ का अच्छा रिकॉर्ड और उनके आने से बल्लेबाजी बेहतर होगी। ऑस्ट्रेलिया के लिए यह राहत की बात है कि ऑलराउंडर मार्कस स्टोइनिस को पिछले मैच में अपने बाएं हाथ पर लगी चोट से उबरकर वापसी के लिए तैयार हैं।

ऑस्ट्रेलिया को इस बार मिचेल स्टार्क, चोटिल पैट कमिंस और हेज़लवुड की तेज गेंदबाजी तिकड़ी की कमी भी महसूस हो रही है। नाथन एलिस ने अच्छी गेंदबाजी की है पर बाएं हाथ के तेज गेंदबाज बेन ड्वार्शियस और जेवियर बार्टलेट विफल रहे हैं। ऑस्ट्रेलिया की इस टीम को भारत में हुए 2023 एकदिवसीय विश्व कप के दौरान भी ऐसी ही स्थिति का सामना करना पड़ा था। तब श्रीलंका के खिलाफ मिली जीत ने उनके लिए हालात बदल दिए, जिसके बाद उसने फाइनल सहि नौ मैच जीतकर ट्रॉफी अपने नाम की थी। उस बात से टीम प्रेरणा लेना चाहेगी।

जिम्बाब्वे से हार के बाद कप्तानी संभाल रहे ट्रैविस हेड ने कहा था, हम पहले भी ऐसी स्थिति का सामना कर चुके हैं। हमने 2023 में कुछ हार और चोटों के कारण पहले भी इस तरह की स्थिति देखी है। हमारे पास यहां कुछ ऐसे खिलाड़ी हैं जो 2023 में भारत में खेल चुके हैं और हम इस स्थिति से निपटने और उस रणनीति का उपयोग करने की कोशिश करेंगे। वहीं दूसरी ओर सह-मेजबान श्रीलंका ओमान और आयरलैंड के खिलाफ आसान जीत के साथ ग्रुप में शीर्ष पर है और उसके हौंसले बढ़ हुए हैं। उससे घरेलू धरती पर खेलने का भी लाभ मिलेगा।

उसे हालांकि स्टार स्पिनर वानिंदु हसरंगा की कमी खलेगी। उनकी अनुपस्थिति में श्रीलंका महेश तीक्षना और बाएं हाथ के स्पिनर दुनीत वेलालेज पर काफी हद तक आधारित रहेगा।

## हैरी केन ने अपने करियर का 500वां गोल दागा

बर्लिन। इंग्लैंड के स्टार फुटबॉलर हैरी केन ने शनिवार को बायर्न म्यूनिख की तरफ से दो गोल करके अपने देश और विभिन्न क्लबों की तरफ से 500 गोल करने की उपलब्धि हासिल की। केन ने अपने दो गोल में से एक गोल पेनल्टी पर किया। यह पेनल्टी पर किया गया उनका 100वां था। केन के दो गोल की मदद से बायर्न ने वेर्डर ब्रेमेन पर 3-0 से जीत हासिल करके बुंडेसलिगा में अपनी छह अंकों की बढ़त बरकरार रखी। केन ने मैच के बाद कहा, ''अच्छा लग रहा है। 500 गोल तक पहुंचना वाकई गर्व की बात है। इसमें बहुत मेहनत और त्याग लगा है, इसलिए यहां तक पहुंचकर बहुत अच्छा लग रहा है। लेकिन हमेशा की तरह अब अगला मैच ही मायने रखता है।'' केन ने अपना पहला गोल जनवरी 2011 में 17 साल की उम्र में इंग्लैंड के तीसरी श्रेणी के क्लब लेटन ओरिएंट की तरफ से खेलते हुए शेफील्ड वेडनेसडे के खिलाफ किया था। केन को 500 गोल तक पहुंचने के लिए 743 मैचों की जरूरत पड़ी। इस 32 वर्षीय इस फॉरवर्ड ने इंग्लैंड के लिए 112 मैचों में 78 गोल किए हैं।



## मार्करम कप्तान के तौर पर सबसे तेज अर्धशतक लगाने वाले खिलाड़ियों में शामिल

अहमदाबाद। दक्षिण अफ्रीकी बल्लेबाज एडेन मार्करम ने टी20 विश्व कप 2026 में न्यूज़ीलैंड के खिलाफ मुकाबले में 44 गेंदों में नाबाद 88 रनों की पारी के साथ ही एक अहम उपलब्धि अपने नाम की है।



इसी के साथ ही मार्कराम कप्तान के तौर पर सबसे तेज अर्धशतक लगाने वाले खिलाड़ियों में शामिल हो गये। मार्करम ने अपनी इस पारी में आठ चौके और चार छक्के लगाये। इससे पहले ये रिकार्ड भारतीय टीम के पूर्व कप्तान रोहित शर्मा के नाम था। इससे दक्षिण अफ्रीका ने ग्रुप डी के इस मैच में जीत के लिए मिले 176 रनों का लक्ष्य आसानी से हासिल कर लिया। मार्करम ने इस मैच में केवल 19 गेंदों में ही पचास रन पूरे कर लिए। ये टी20 विश्व कप में दक्षिण अफ्रीका की ओर से सबसे तेज अर्धशतक है। इस प्रकार उन्होंने रोहित शर्मा के क्लब में प्रवेश किया। रोहित ने साल 2024 टी20 विश्व कप में कप्तान के तौर ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 19 गेंदों में ही अपने पचास रन बना दिये थे। तब रोहित ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 41 गेंदों में 92 रनों की पारी खेली, जिसमें सात चौके और आठ छक्के शामिल हैं। सबसे तेज पचास रन बनाने वाले कप्तानों में श्रीलंका के दासुन शनाका भी हैं। शनाका ने भी ओमान के खिलाफ 19 गेंदों में 50 रन बनाये थे। वहीं मोहम्मद अशरफुल ने 20 और महेला जयवर्धने ने 21 गेंद में अर्धशतक लगाये थे।

# टी20 विश्वकप : यूएई के खिलाफ हर हाल में जीत हासिल करने उतरेगी अफगानिस्तान

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** अफगानिस्तान की टीम सोमवार को ग्रुप डी के अहम मुकाबले में अरब अमीरात (यूएई) के खिलाफ बड़ी जीत दर्ज करने उतरेगी। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ मुकाबले में सुपर ओवर में हार के कारण अब उसे अंतिम आठ के लिए अपनी संभावनएं बरकारार रखने ये मैच हर हाल में जीतना होगा। वहीं यूएई ने पिछले मैच में कनाडा को हराकर अपनी पहली जीत दर्ज की थी जिससे उसका मनोबल बढ़ा हुआ रहेगा।

ग्रुप डी में दक्षिण अफ्रीका और न्यूजीलैंड छह और चार अंकों लेकर शीर्ष दो स्थानों पर हैं, ऐसे में यूएई को क्वालीफाई करने इस मैच में जीत हासिल करनी होगी। वहीं अफगानिस्तान दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ बेहद करीबी हार के बाद ये मैच जीतना चाहेगी। उसे अंतिम आठ में जगह बनाने अपने बचे हुए मैच बड़े अंतर से जीतने होंगे। इसके अलावा प्रतियोगिता में बने रहने के लिए अन्य मैचों के परिणामों पर भी निर्भर रहना होगा। इससे पहले न्यूजीलैंड ने यूएई को 10 विकेट से हराया था जबकि कनाडा के खिलाफ भी उसे कड़े संघर्ष के बाद जीत मिली थी।




कनाडा के खिलाफ यूएई के शीर्ष और मध्य क्रम के बल्लेबाज विफल रहे थे हालांकि सलामी बल्लेबाज आर्यंश शर्मा के 74 रनों से उसे जीत मिली। इसके अलावा शोएब खान ने 51 रन बनाये। यूएई के बल्लेबाजों के लिए अफगानिस्तान के कप्तान राशिद खान, मुजीब उर रहमान और मोहम्मद नबी का सामना करना कठिन रहेगा। यूएई के कप्तान मोहम्मद वसीम कहना है कि हमें सातवें से 15वें और 16वें ओवर तक बीच के ओवरों में अपनी बल्लेबाजी में सुधार करना होगा।

यूएई की गेंदबाजी इकाई ने कनाडा के खिलाफ अच्छी गेंदबाजी की थी। तेज गेंदबाज जुनैद सिद्दीकी ने पांच विकेट लिए पर रहमानुल्लाह गुरबाज, गुलबदीन नायब और अजमतुल्लाह उमरजाई जैसे बल्लेबाजों को रोकना उनके लिए आसान नहीं रहेगा। गुरबाज ने पिछले मैच में 42 गेंदों में 84 रन बनाकर बनाकर आक्रामक बल्लेबाजी की थी जो वह अब भी जार रखना चाहेंगे।

**दोनो ही टीमें इस प्रकार हैं**

**अफगानिस्तान-** राशिद खान (कप्तान), इब्राहिम जादरान (उपकप्तान), दरविश रसूली, मोहम्मद इशाक (विकेटकीपर), रहमानुल्लाह गुरबाज (विकेटकीपर), सेदिकुल्लाह अटल, अजमतुल्लाह उमरजई, गुलबदीन नायब, मोहम्मद नबी, शाहिदुल्लाह, अब्दुल्ला अहमदजई, फजलहक फारूकी, मुजीब उर रहमान, नूर अहमद, जियाउर रहमान।

**यूएई-** मुहम्मद वसीम (कप्तान), अलीशान शराफू, आर्यांश शर्मा, ध्रुव पराशर, हैदर अली, हर्षित कौशिक, जुनैद सिद्दीकी, मयंक कुमार, मुहम्मद अरफान, मुहम्मद फारूक, मुहम्मद जवादुल्लाह, हैदर शाह, रोहिद खान, सोहैब खान, सिमरनजीत सिंह।

## आईएसएल की शानदार शुरुआत, मोहन बागान ने केरला ब्लास्टर्स को 2-0 से हराया



कोलकाता। गत चैंपियन मोहन बागान सुपर जायंट्स ने इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) सत्र की दमदार शुरुआत करते हुए शनिवार को यहां केरला ब्लास्टर्स एफसी को 2-0 से मात दी। मोहन बागान के लिए पहला गोल 36वें मिनट में जैमी मैकलारेन ने दागा। मैच के अंतिम क्षणों में दूसरे हाफ के इंजरी टाइम (90+6 मिनट) में टॉम एल्ड्रेड ने गोल कर जीत पक्की कर दी। मैकलारेन को शानदार प्रदर्शन के लिए 'प्लेयर ऑफ द मैच' चुना गया। इस बीच, अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) ने बड़ा ऐलान करते हुए पुष्टि की कि इस सत्र से आईएसएल में पहली बार रेलीगेशन प्रणाली लागू की गई है। अंक तालिका में सबसे निचले स्थान पर रहने वाली टीम को दूसरे स्तर की इंडियन फुटबॉल लीग (आईएफएल) में भेजा जाएगा, जबकि आईएफएल की चैंपियन टीम को अगले सत्र में आईएसएल में पदोन्नत किया जाएगा। एआईएफएफ के अनुसार, 12वें आईएसएल सीजन की चैंपियन टीम को अगले सत्र में एएफसी चैंपियंस लीग-2 के प्रारंभिक दौर में प्रवेश मिलेगा। दूसरे स्तर की आई-लीग का नाम बदलकर अब इंडियन फुटबॉल लीग कर दिया गया है, जिसकी शुरुआत 21 फरवरी से होगी।

# भारत ने एकतरफा मुकाबले में पाकिस्तान को 61 रनों से रौंदा, सुपर-8 के लिए किया क्वालीफाई

**कोलंबो।** भारत ने रविवार को पाकिस्तान को टी20 विश्व कप के 27वें मुकाबले 61 रनों से करारी शिकस्त दी। कोलंबो के आर प्रेमदासा स्टेडियम में एकतरफा मुकाबले में भारत ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 7 विकेट खोकर 175 रन बनाए। इसके जवाब में पाकिस्तान की टीम ने लगातार अंतराल पर विकेट गंवाए और 18 ओवर में सभी विकेट खोकर 114 रन ही बना सकी। भारत के लिए जसप्रीत हार्दिक-वरुण, बुमराह और अक्षर पटेल ने 2-2 विकेट लिए। इस जीत के साथ भारत ने सुपर-8 स्टेज के लिए क्वालीफाई कर लिया है। 176 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी पाकिस्तान की टीम को पहले ओवर में झटका लगा। सलामी बल्लेबाज साहिबजादा फरहान बिना खाता पवेलियन लौटे। हार्दिक पांड्या ने उन्हें आउट किया। जसप्रीत बुमराह ने दूसरे ओवर में साइम आयूब को एलबीडब्ल्यू किया। आयूब ने दो गेंद में 6 रन बनाए। बुमराह ने इसी




ओवर में कप्तान सलमान अली आगा को भी आउट किया। सलमान 4 गेंद में 4 रन ही बना सके। बाबर आजम 7 गेंद में 5 रन ही बना सके। अक्षर पटेल ने उन्हें पवेलियन भेजा। उस्मान खान 34 गेंद में 44 रन बनाकर पवेलियन लौटे। अक्षर ने उनका शिकार किया। मोहम्मद नवाज को कुलदीप यादव ने आउट किया। तिलक वर्मा ने शादाब खान को कैच आउट करवाया। वरुण चक्रवर्ती ने एक ही ओवर में लगातार गेंदों पर फहीम अशरफ और अबरार अहमद को आउट किया। हालांकि हैट्रिक से चूक गए। हार्दिक पांड्या ने उस्मान तारिक को क्लीन बोल्ड करके पाकिस्तान की पारी का अंत किया। भारत ने पाकिस्तान के खिलाफ टी20 विश्व कप मुकाबले में पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 7 विकेट खोकर 175 रन बनाए। ईशान किशन ने सर्वाधिक 77 रन बनाए। भारत के लिए ईशान किशन ने सर्वाधिक 77 रन बनाए। पहले बल्लेबाजी करने उतरी भारतीय टीम को पहले ही ओवर में बड़ा झटका लगा। टीम के सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा बिना खाता पवेलियन लौट गए। कप्तान सलमान अली आगा ने उन्हें आउट किया। पावरप्ले में भारत ने एक विकेट खोकर 52 रन बनाए। ईशान किशन ने 27 गेंद में अर्धशतक जड़ा है। ईशान किशन ने 40 गेंद में 77 रन की पारी खेली। उन्होंने 10 चौके और तीन छक्के लगाए। उस्मान तारिक को 11वें ओवर में गेंदबाजी का मौका मिला, उन्होंने अपने पहले ओवर में 6 रन दिए। तिलक वर्मा 24 गेंद में 25 रन ही बना सके। हार्दिक पांड्या पहली ही गेंद पर बड़ा शॉट लगाने के प्रयास में कैच आउट हुए। सूर्यकुमार यादव ने 29 गेंद में 32 रन का योगदान दिया। शिवम दुबे 17 गेंद में 27 के स्कोर पर रन आउट हुए। अक्षर पटेल पहली गेंद पर कैच आउट हुए। पाकिस्तान के लिए साइम आयूब ने तीन, उस्मान, शाहीन और सलमान को एक-एक विकेट मिला।

### टी20 विश्व कप में भारत का पलड़ा भारी

टी20 विश्व कप के इतिहास में भारतीय टीम ने पाकिस्तान के खिलाफ बड़े अंतर से दबदबा बनाया हुआ है। टी20 विश्व कप में दोनों टीमों के बीच अब तक कुल 9 मुकाबले खेले हैं, जिसमें से भारत ने आठ जीते हैं और एक मुकाबला पाकिस्तान ने अपने नाम किया है। पाकिस्तान ने विश्व कप में पिछली बार भारत को 2021 में 10 विकेट से हराया था। वहीं भारत ने टी20 विश्व कप 2026 में पाकिस्तान को 61 रनों से धोया।

## विराट से दो बल्ले पाकर गदगद नजर आये अफगानिस्तान के बल्लेबाज गुरबाज



अहमदाबाद। भारतीय टीम के अनुभवी बल्लेबाज विराट कोहली ने टी20 विश्व कप में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ हुए मुकाबले में अपनी जबरदस्त बल्लेबाजी से दिल जीतने वाले अफगानिस्तान के बल्लेबाज रहमानुल्लाह गुरबाज को दो बल्ले उपहार में दिये हैं। वही गुरबाज ने शानदार तोहफा देने के लिए विराट का आभार जताया और कहा भाई आप महान हैं, हर पीढ़ी आपसे प्रेरणा लेती है।' गुरबाज के इस संदेश से साफ है कि वह विराट का बेहद सम्मान करते हैं। यह पहली बार नहीं है जब कोहली ने अपने बेशकीमती बल्लों को साथी खिलाड़ियों को भेंट किया है। वह आम तौर पर अपने बल्लों को उपहार में देते आये हैं। इसे पहले उन्होंने बांग्लादेश के शाकिब अल हसन के अपने ही साथ खिलाड़ी रजत पाटीदार और रिंकू सिंह को भी उपहार में बल्ले दिये थे। गुरबाज ने इस मैच में धमाकेदार बल्लेबाजी कर अपनी टीम को जीत के बेहद करीब पहुंचा दिया था। इस बल्लेबाज ने जबरदस्त शॉट लगाकर दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया। बल्लेबाजी के दौरान वह निडर दिखे। इस मैच का परिणाम दो सुपर ओवरों में निकला अफगान टीम को हार जरुर झेलनी पड़ी पर गुरबाज ने दिल जीत लिया।

# बचपन की तस्वीरों में छुपा है श्रुति हासन का मिजाज, अभिनेत्री ने लिखा, 'तस्वीरें सब बयां करती हैं'





**अभिनेत्री** श्रुति हासन अपने शानदार अभिनय से न सिर्फ साउथ सिनेमा, बल्कि बॉलीवुड में भी राज करती हैं। उन्होंने इंस्टाग्राम पर एक मजेदार और नॉस्टेल्जिक वीडियो पोस्ट किया। इसमें उनके बचपन से लेकर अब तक की तस्वीरें शामिल हैं। वहीं, श्रुति ने वीडियो में लिखा, 'किसी लड़की के बचपन की तस्वीरों से उसके स्वभाव और व्यक्तित्व की झलक साफ दिखाई देती है।' अभिनेत्री ने पोस्ट कर लिखा, 'मैं तो हमेशा से ही बहुत मूडी रही हूं, हाहा।' श्रुति का यह पोस्ट फैंस को काफी पसंद आ रहा है। कई यूजर्स उनके कमेंट सेक्शन पर शानदार प्रतिक्रिया दे रहे हैं। श्रुति अभिनेत्री होने के साथ-साथ गायिका और संगीतकार भी हैं, जिन्होंने तमिल, तेलुगु और हिंदी सिनेमा में अपनी मजबूत मौजूदगी दर्ज करवाई। इस बात से बहुत कम लोग वाकिफ हैं, लेकिन श्रुति ने अपने कॅरियर की शुरुआत अभिनेत्री के रूप में नहीं, बल्कि गायिका और संगीतकार के रूप में की थी। उन्होंने महज छह साल की उम्र में ही अपने पिता की फिल्म थेवर मगन (1992) में पहला गाना गाया था। इसके बाद उन्होंने हिंदी फिल्म 'चाची 420' (1997) में भी गायन किया। साल 2000 में कमल हासन के निर्देशन में बनी फिल्म 'हे राम' में उन्होंने बाल कलाकार के रूप में अतिथि भूमिका निभाई और उसी फिल्म के लिए हिंदी और तमिल में टाइटल थीम 'रामा रामा' भी गाया था। अभिनेत्री जल्द ही फिल्म निर्देशक पवन सादिनेनी की फिल्म 'आकासमलो ओका तारा' में नजर आएंगी। फिल्म में अभिनेत्री के साथ दुलकर सलमान और सत्विका वीरवल्ली अहम भूमिका में नजर आएंगी। फिल्म को गीता आर्ट्स और स्वप्ना सिनेमा ने प्रस्तुत किया है। इसके प्रोड्यूसर संदीप गुन्नम और रम्या गुन्नम हैं। यह एक एडवेंचर-ड्रामा फिल्म है। श्रुति के जन्मदिन पर फिल्म का पहला पोस्टर जारी किया गया था। फिल्म को पैन-इंडिया में रिलीज होने की उम्मीदें जताई जा रही हैं। हालांकि, अभी तक इसकी कोई साफ तौर पर पुष्टि नहीं की गई है। इसी के साथ ही श्रुति ने एसएस राजामौली की मेगा बजट फिल्म 'वाराणसी' के लिए म्यूजिक कंपोजर एमएम कीरवानी के साथ मिलकर गाने को आवाज दी है।

# अभिनय के साथ पूरा किया एमबीबीएस का सपना

## श्रीलीला ने सोशल मीडिया पर साझा कीं तस्वीरें




**साउथ** सिनेमा की मशहूर अभिनेत्री श्रीलीला ने एक बड़ा मुकाम हासिल कर लिया है। उन्होंने अभिनेत्री साई पल्लवी की तरह अभिनय के साथ-साथ एमबीबीएस की पढ़ाई पूरी कर ली। अभिनेत्री कई सालों से मेडिकल की पढ़ाई के साथ फिल्मों में काम कर रही थीं। श्रीलीला ने शुक्रवार को इंस्टाग्राम पर ग्रेजुएशन समारोह की तस्वीरें पोस्ट कीं। अभिनेत्री ने मैरून गाउन पहना हुआ है। कुछ तस्वीरों में वे ग्रेजुएशन डिग्री ले रही हैं, तो परिवार और बैचमेट्स के साथ पोज दे रही हैं। श्रीलीला ने लिखा, 'एक बड़ा मुकाम। यह यात्रा आप सबका साथ थी, चाहे जानकर या फिर अनजाने में। यह जगह मेरी शांति बन गई, जहां मैं खुद रह सका। आपकी लड़की ने वादा निभाया। यह सिर्फ डिग्री नहीं, बल्कि आगे बढ़ने, विश्वास करने, आंसू बहाने, हिम्मत दिखाने और खुद को मजबूत बनाने की कहानी है।'

अभिनेत्री ने आगे अपने परिवार, दोस्तों और टीम को धन्यवाद दिया, जिन्होंने परीक्षाओं के समय श्रीलीला का साथ दिया। उन्होंने लिखा, 'जिन्होंने मुझ पर भरोसा किया। उन सभी का दिल से शुक्रिया। क्लासमेट्स और फैंस का भी शुक्रिया, जिनकी मुस्कान और प्रोत्साहन ने मुझे आगे बढ़ाया। इस अध्याय ने मुझे विनम्र और मजबूत बनाया है। अब खुद को फिर से पेश करती हूं। आपकी स्नेहपूर्वक, डॉ. श्रीलीला।'

गौरतलब है कि अभिनेत्री की ग्रेजुएशन सेरेमनी 10 फरवरी को हुई थी, जिसके बाद से ही सेरेमनी की कुछ तस्वीरें और वीडियोज सोशल मीडिया पर काफी वायरल हो रहे थे। शुक्रवार को अभिनेत्री ने पोस्ट कर आधिकारिक जानकारी दी।

पोस्ट शेयर करने के बाद श्रीलीला के इंडस्ट्री के दोस्तों और साथी कलाकारों ने तुरंत प्रतिक्रिया दी और कमेंट सेक्शन में प्यार और शुभकामनाओं की बौछार कर दी। कई लोगों ने हार्ट और फायर के इमोजी कमेंट किए। अभिनेत्री राशि खन्ना, ध्वनी भानुशाली और रेमो डिसूजा ने लिखा, 'बधाई हो डॉक्टर।'

श्रीलीला कई सालों से फिल्मों में काम कर रही हैं और साथ ही मेडिकल की पढ़ाई भी जारी रखी थी। पिछले छह सालों में उन्होंने शूटिंग के व्यस्त शेड्यूल के बीच पढ़ाई का संतुलन बनाए रखा। आखिरकार उनकी मेहनत रंग लाई और मुंबई की डीवाई पाटिल यूनिवर्सिटी से उन्होंने एमबीबीएस की डिग्री हासिल की।'

# 'बॉर्डर 2' की सफलता के बाद मुंबई से गायब हुए सनी देओल, 'धुरंधर' के डायलॉग पर बोले...बहुत खुशी हुई



**68 साल** की उम्र में सनी देओल पर्दे पर एक्शन अंदाज में नजर आ रहे हैं। पिछले दिनों फिल्म 'बॉर्डर 2' से उन्होंने दर्शकों को दोबारा प्रभावित किया। फिल्म को बॉक्स ऑफिस पर भी सफलता मिली, लेकिन इस सफलता का आनंद लेने की बजाय वह मुंबई से ही कुछ वक्त के लिए दूर चले गए, लेकिन इस दौरान भी उनके साथ कुछ ऐसा हुआ कि सनी देओल हैरान रह गए।

### क्यों खास रहा सनी देओल का ब्रेक?

हाल ही में एक बातचीत में सनी देओल ने बताया कि क्यों वह 'बॉर्डर 2' की सफलता के बाद मुंबई से दूर गए। वह कहते कहते हैं, 'फिल्म 'बॉर्डर 2' रिलीज होने के कुछ दिनों बाद मैंने सोचा कि मुझे एक ब्रेक चाहिए। मैं मनाली गया। मैंने वहां बर्फ का मजा लिया। मैंने अपना 'बॉर्डर 2' का एक शो भी वहीं ऑर्गेनाइज किया। हम हर फिल्म में अपनी मेहनत लगाते हैं, लेकिन जब वह सफल होती है और लोगों के दिलों को छूती है, तो बहुत अच्छा लगता है। इस पूरे सफर में मैं कई जगह गया, मैं ढाबों और अलग-अलग होटलों में रुका, उस लोकेशन पर भी गया, जहां पहली बॉर्डर की शूटिंग हुई थी। मैं उस पहाड़ी पर गया और वहां पहुंचकर बहुत अच्छा लगा।' सनी देओल आगे कहते हैं, 'इस पूरे सफर में कई फैंस मिले, लोगों ने रोक-रोककर बताया कि वह फिल्म 'बॉर्डर 2' को दूसरी बार जाकर देख रहे हैं। फैंस ने खूब सेल्फी क्लिक करवाई। सच में इतना प्यार पाकर बहुत खुशी मिलती है।'

### 'धुरंधर' के डायलॉग पर क्या रहा रिएक्शन?

सनी देओल से पूछा गया कि फिल्म 'धुरंधर' में एक डायलॉग है, 'घायल हूं इसलिए घातक हूं।' यह डायलॉग सनी की फिल्म 'घायल' और 'घातक' से इंस्पायर है। इस पर उनका क्या कहना है? सनी देओल जवाब देते हैं, 'फिल्म के डायरेक्टर मेरे फैंस हैं। उन्होंने हमारी फिल्में देखी हैं। रेस्पेक्ट में उन्होंने यह डायलॉग बनाया है। सच में यह देखकर भी बहुत खुशी हुई।'

### अपकमिंग फिल्म को लेकर भी दिया अपडेट

आने वाली फिल्म को लेकर भी सनी देओल ने जानकारी दी है। वह कहते हैं, 'मेरी कई फिल्में आने वाली हैं। उनमें से एक 'लाहौर 1947' है। शायद टाइटल बदल सकता है। फिल्म एक फेमस प्ले पर बेस्ड है। 15 अगस्त पर यह फिल्म सिनेमाघरों में आएगी।'

# '2 स्टेट्स' से लेकर 'जन्नत' तक, फिल्मों में दिखाए गए प्रपोज करने के अलग तरीके



**साल** के दूसरे महीने फरवरी को प्यार का महीना कहा जाता है। इस महीने की 7 से लेकर 14 तक तारीखें काफी खास होती हैं। सबसे खास दिन 14 फरवरी होता है। इस दिन को वैलेंटाइन डे (प्रेम दिवस) के रूप में मनाया जाता है। इस दिन कई प्रेमी और प्रेमिकाएं अपने पार्टनर से दिल की बात कहते हैं। कई पार्टनर अपने दिल की बात नहीं कह पाते हैं। ऐसे में हम आपके सामने कुछ फिल्मों का जिक्र कर रहे हैं, जिनसे आप अपने पार्टनर को प्रपोज करने के बेहतरीन आइडिया ले सकते हैं।

### 2 स्टेट्स- 2014



**इस** फिल्म में अर्जुन कपूर और आलिया भट्ट ने अहम किरदार निभाया है। दोनों के बीच कॉलेज में पढ़ते हुए दोस्ती होती है, फिर प्यार होता है। अर्जुन कपूर आलिया भट्ट के जॉब इंटरव्यू में पहुंचते हैं। यहां वह बिना लाग लपेट के आलिया से कहते हैं कि वो सिर्फ अनन्या के साथ ही अपनी जिंदगी बिताना चाहते हैं। यह सुनकर आलिया खुश हो जाती हैं।

### ये जवानी है दीवानी- 2013




**फिल्म** में रणबीर कपूर, दीपिका पादुकोण को नए साल पर प्रपोज करते हैं। वह लंबे समय तक खुद को तलाशने के बाद दीपिका पादुकोण को चुनते हैं और अपने प्यार का इजहार करते हैं। वह बताते हैं कि दिल की बात सुनकर अपने प्यार को चुनना सबसे बड़ा साहस होता है।

### बैंड बाजा बारात-2010



**इस** फिल्म में रणवीर सिंह और अनुष्का शर्मा ने अहम किरदार निभाया है। दोनों मिलकर लोगों की शादी में सजावट का काम करते हैं। इस बीच दोनों को आपस में प्यार हो जाता है। रणवीर सिंह, अनुष्का शर्मा से कहते हैं 'तेरे बिना किसी चीज में मौज नहीं है, ना चाय में. ना चाउमीन में।' रणवीर की ये बात अनुष्का का दिल जीत लेती है।

### माई नेम इज खान-2010




**इस** फिल्म में शाहरुख खान बहुत ही प्यार से काजोल को प्रपोज करते हैं। शाहरुख, काजोल को शहर की ऊंची जगह पर ले जाते हैं। वह काजोल को शहर का सबसे अच्छा नजारा दिखाते हैं। काजोल यह नजारा देख कर हैरान हो जाती हैं। वह शाहरुख को शादी के लिए प्रपोज करती हैं।

### वांटेड- 2009




**फिल्म** में सलमान खान ने राधे का और आयशा टाकिया ने जानवी का रोल किया था। दोनों की प्रेम कहानी एक हैरान कर देने वाले मौके से शुरू होती है। इसमें सलमान खान ने आयशा टाकिया को लेकर कहा 'जानवी सिर्फ मेरी है और मैं उसके लिए कुछ भी कर सकता हूं।' जब सलमान ने आयशा को बचाया, तब आयशा टाकिया ने सलमान खान को प्रपोज किया।

### जन्नत- 2008




**फिल्म** में इमरान हाशमी को सोनल चौहान से प्यार हो जाता है। सोनल चौहान कार से घर जा रही होती हैं। ऐसे में इमरान हाशमी उनकी गाड़ी के सामने अपनी गाड़ी लगाकर उन्हें प्रपोज करते हैं। इस प्रपोजल को उस वक्त बहुत पसंद किया गया था।

### मुझसे शादी करोगी-2004




**फिल्म** में सलमान खान ने जिस तरह से प्रियंका चोपड़ा को प्रपोज किया, वह उस वक्त लोगों को खूब पसंद आया था। वह क्रिकेट के मैदान में पहुंचते हैं और पूरे स्टेडियम के सामने प्रियंका से प्यार का इजहार करते हैं। वह अपनी कमजोरियों को स्वीकार करते हैं, फिर प्रियंका से पूछते हैं 'मुझसे शादी करोगी?'

### दिलवाले दुल्हनिया ले जाएंगे-1995



**इस** फिल्म में शाहरुख खान और काजोल ने अहम किरदार निभाया। दोनों की लव स्टोरी बहुत शानदार थी। फिल्म में सबसे यादगार पल उनका प्रपोजल था। राज ने सिमरन के पिता से पूरे सम्मान और ईमानदारी से सिमरन का हाथ मांगा। इस प्रपोजल ने न सिर्फ सिमरन के दिल को पिघलाया, बल्कि उनके परिवार को अपनी लड़की देने पर मजबूर कर दिया।

# गरीबी से शोहरत तक : हालात से लड़कर कामयाबी की मिसाल बनीं मधुबाला



**हिंदी** सिनेमा के इतिहास में मधुबाला पर्दे पर भले ही प्यार और नजाकत की पहचान बनीं, लेकिन उनकी निजी जिंदगी में संघर्ष, जिम्मेदारियां और कठिन हालात रहे। इन सबसे जूझते हुए उन्होंने एक लंबा सफर तय किया और कामयाबी हासिल की। मधुबाला का जन्म 14 फरवरी, 1933 को दिल्ली में एक पश्तून मुस्लिम परिवार में हुआ था। उनका असली नाम मुमताज जहां बेगम देहलवी था। घर की आर्थिक स्थिति इतनी कमजोर थी कि बचपन में ही उन्हें परिवार की जिम्मेदारी उठानी पड़ी। बहुत कम लोग जानते हैं कि मधुबाला ने अभिनय का रास्ता शौक से नहीं, बल्कि मजबूरी में चुना था। महज नौ साल की उम्र में उन्होंने फिल्मों में काम करना शुरू कर दिया, ताकि घर का खर्च चल सके। उस दौर में किसी बच्ची के लिए कैमरे का सामना करना आसान नहीं था, लेकिन मधुबाला ने हालातों से लड़ने के लिए यह किया। 1942 में आई फिल्म 'बसंत' से उनके करियर को दिशा मिली। इसी फिल्म के बाद उनका नाम मुमताज से बदलकर मधुबाला रखा गया। इसके बाद उन्होंने कई फिल्मों में काम किया और बहुत कम समय में अपनी पहचान बनाई। वह निर्माता की पहली पसंद बन गई और उनके पास फिल्मों के ऑफर आने लगे। 1950 का दशक मधुबाला के कॅरियर का सुनहरा दौर माना जाता है। 'महल', 'तराना', 'हावड़ा ब्रिज', 'चलती का नाम गाड़ी', और 'हाफ टिकट' जैसी फिल्मों ने उन्हें स्टार बना दिया। रोमांटिक हो या कॉमेडी, वह अपने हर एक किरदार को खूबसूरती के साथ निभाती थी।

उस दौर में अभिनेत्रियों को सीमित भूमिकाएं मिलती थीं, लेकिन मधुबाला ने अपनी शर्तों पर काम किया और अपनी फीस भी खुद तय की।

मधुबाला की कामयाबी की सबसे बड़ी पहचान फिल्म 'मुगल-ए-आजम' बनी। यह फिल्म हिंदी सिनेमा की ऐतिहासिक फिल्मों में गिनी जाती है। इस फिल्म की शूटिंग के दौरान वह गंभीर दिल की बीमारी से जूझ रही थीं, इसके बावजूद उन्होंने शूट पूरे किए। कई बार सेट पर उनकी तबीयत बिगड़ जाती थी, लेकिन उन्होंने कभी अपने काम को बीच में नहीं छोड़ा। कामयाबी के शिखर पर पहुंचने के बावजूद मधुबाला की जिंदगी आसान नहीं थी।

बीमारी ने धीरे-धीरे उनके कॅरियर को सीमित कर दिया, लेकिन उन्होंने कभी अपनी कमजोरी को आड़े नहीं आने दिया। 23 फरवरी 1969 को महज 36 साल की उम्र में उनका निधन हो गया। आज भी मधुबाला को हिंदी सिनेमा की उन अभिनेत्रियों में गिना जाता है, जिन्होंने हालातों से लड़कर अपनी पहचान बनाई।

# भारतीय शेयर बाजार में सप्ताह भर उतार-चढ़ाव, शुरुआती तेजी के बाद गिरावट

***- वैश्विक कमजोर संकेत और एआई से जुड़ी चिंताओं ने सप्ताह के आ खिर में बाजार की तेजी पर ब्रेक लगाया***

**मुंबई ।** भारतीय शेयर बाजार ने शुक्रवार तक समाप्त हुए सप्ताह में मिश्रित रुझान दिखाया। सप्ताह की शुरुआत में सकारात्मक आर्थिक संकेत और भारत-अमेरिका के बीच व्यापार समझौतों की उम्मीद से निवेशकों का मनोबल ऊंचा रहा, लेकिन सप्ताह के अंत तक वैश्विक कमजोर संकेतों और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) से जुड़ी संभावित व्यवधानों की चिंताओं के कारण बाजार ने गिरावट दर्ज की। सप्ताह के पहले दिन सोमवार को भारतीय शेयर बाजार हरे निशान पर खुला। विदेशी निधियों के प्रवाह और एशियाई बाजारों की मजबूती ने निवेशकों के मनोबल को बढ़ाया। शुरुआती कारोबार में 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 415.97 अंक बढ़कर 83,996.37 पर पहुंचा, जबकि 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 126.05 अंक बढ़कर 25,819.75 पर पहुंच गया।

दिन के अंत में सेंसेक्स 485.35 अंक की बढ़त के साथ 84,065.75 पर और निफ्टी 173.60 अंक की बढ़त के साथ 25,867.30 पर बंद हुआ। मंगलवार को भी बाजार की गति बनी रही। एशियाई बाजारों के सकारात्मक रुझान और अमेरिका के साथ अंतरिम व्यापार ढांचे पर आशावाद ने निवेशकों का उत्साह बनाए रखा। शुरुआती कारोबार में सेंसेक्स 247.01 अंक बढ़कर 84,312.76 पर और निफ्टी 80.25 अंक बढ़कर 25,947.55 पर पहुंच गया। बुधवार को बाजार में शुरुआती तेजी देखी गई, सेंसेक्स 213.42 अंक बढ़कर 84,487.34 पर और निफ्टी 74.25 अंक बढ़कर 26,009.40 पर पहुंच गया। हालांकि, उच्च स्तर पर मुनाफा लेने की प्रवृत्ति ने दोनों सूचकांकों में अस्थिरता ला दी। दिन के अंत में सेंसेक्स 40.28 अंक गिरकर 84,233.64 पर और निफ्टी 18.70 अंक बढ़कर 25,953.85 पर बंद हुआ। सप्ताह के अंतिम कारोबारी दिन शुक्रवार को बाजार में तेज गिरावट देखी गई। कमजोर वैश्विक संकेतों और एआई से जुड़े व्यवधानों की बढ़ती चिंताओं के कारण निवेशकों की भावना नकारात्मक रही। शुरुआती कारोबार में सेंसेक्स 883.4 अंक गिरकर 82,791.52 पर और निफ्टी 262.60 अंक गिरकर 25,544.60 पर पहुंच गया। साप्ताहिक तौर पर देखा जाए तो सप्ताह की शुरुआत में बाजार में मजबूती थी, लेकिन वैश्विक और तकनीकी चिंताओं ने सप्ताह के अंत में बाजार की तेजी को रोक दिया।

## अडानी की झोली में आई 2 रुपये के शेयर वाली कंपनी, एनसीएलटी को हरी झंडी

**मुंबई ।**

कभी देश की दिग्गज इंफ्रास्ट्रक्चर कंपनियों में गिनी जाने वाली पुंज लॉयड के अधिग्रहण को लेकर बड़ी खबर आई है। दरअसल, नेशनल कंपनी लॉ ट्रिब्यूनल (एनसीएलटी) ने कंपनी को लिक्विडेशन के दौरान गोइंग कंसर्न के रूप में बेचने को मंजूरी दे दी है। एनसीएलटी ने साफ किया है कि कंपनी को मौजूदा हालत में ही लिया जाएगा। पुरानी देनदारियां, कानूनी विवाद और दावे अपने-अपने कानूनी प्रावधानों के तहत निपटाए जाएंगे। दरअसल हाल ही में दिल्ली के नेशनल कंपनी लॉ ट्रिब्यूनल की प्रिंसिपल बेंच ने आदेश पारित करते हुए कहा कि पुंज लॉयड का अधिग्रहण अडानी इंफ्रा (इंडिया) लिमिटेड द्वारा किया जाएगा।

यह पूरा मामला आईसीआईसीआई बैंक द्वारा दायर की गई दिवालिया याचिका से जुड़ा है। पहले कंपनी के खिलाफ कॉरपोरेट इनसॉल्वेंसी रेजोल्यूशन प्रोसेस शुरू हुआ था लेकिन कोई समाधान योजना सफल नहीं हो सकी। इसके बाद लिक्विडेशन का आदेश दिया गया। यह आदेश जून 2022 में आया था। लिक्विडेशन के दौरान कई ई-ऑक्शन हुए। इसके बाद अडानी समूह की कंपनी अडानी इंफ्रास्ट्रक्चर की बोली को मंजूरी मिली।




## अंबानी को वेनेजुएला के कच्चे तेल की सीधी खरीद का मिला लाइसेंस



**- कंपनी रियायती दर पर भारी कच्चे तेल का आयात कर सकेगी**

**मुंबई ।**

मुकेश अंबानी की अगुवाई वाली रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड (आरआईएल) को वेनेजुएला से कच्चा तेल सीधे खरीदने का अमेरिकी लाइसेंस मिल गया है। इस अनुमति से कंपनी रियायती दर पर भारी कच्चे तेल का आयात कर सकेगी। वेनेजुएला का तेल गुजरात के जामनगर रिफाइनरी के लिए उपयुक्त माना जाता है, जो रिफाइनिंग मार्जिन को बेहतर कर सकता है। जनवरी के अंत में अमेरिका ने अंतरराष्ट्रीय कंपनियों को यह अनुमति दी थी। इससे पहले अमेरिकी प्रतिबंधों के कारण वेनेजुएला से तेल केवल बीचौलियों के माध्यम से उपलब्ध था। जामनगर रिफाइनिंग परिसर दुनिया का सबसे बड़ा है। रिलायंस पहले भी वेनेजुएला से तेल खरीदार रही है। अमेरिकी प्रतिबंधों के कारण 2019-20 में आयात रुका था, लेकिन 2024 में मिली अस्थायी राहत के दौरान कंपनी ने वेनेजुएला से तेल खरीदा। इस साल कारोबारियों के माध्यम से विटॉल कंपनी से 20 लाख बैरल तेल खरीदा गया। सरकारी तेल कंपनियां इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन (आईओसी) और हिंदुस्तान पेट्रोलियम (एचपीसीएल) ने भी इस छूट का लाभ उठाया और कुल 20 लाख बैरल कच्चा तेल वेनेजुएला से खरीदा। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रूस से तेल आयात घटाने और अमेरिका सहित अन्य स्रोतों से तेल आयात बढ़ाने पर सहमति जताई है। वेनेजुएला का ओरिनोको बेल्ट क्षेत्र भारी और बहुत-भारी ग्रेड के तेल के लिए प्रसिद्ध है, और यह रिलायंस की जामनगर रिफाइनरी के लिए पूरी तरह उपयुक्त है। इस कदम से भारत की रणनीति में कच्चे तेल के स्रोतों में विविधता और ऊर्जा सुरक्षा बढ़ेगी।

## रेलवे ने ई-टिकटिंग में फर्जी बुकिंग और साइबर अपराधों पर लगाई रोक




**- दिसंबर तक के पिछले छह महीनों में 60.43 अरब फर्जी बुकिंग प्रयास रोके गए**

**नई दिल्ली ।** भारतीय रेलवे ने 2025 में ई-टिकटिंग प्रणाली को सुरक्षित बनाने के लिए 3.03 करोड़ संदिग्ध यूजर आईडी बंद कर दी हैं। दिसंबर तक के पिछले छह महीनों में 60.43 अरब फर्जी बुकिंग प्रयास रोके गए। इससे असली यात्रियों को पहले आधे घंटे में टिकट आसानी से मिलना शुरू हुआ। पहले दलाल आधे घंटे में सारी बुकिंग कर लेते थे, जिससे आम यात्रियों को समस्या होती थी। रेलवे ने बुकिंग प्रणाली में आधार लिंकिंग और ओटीपी को अनिवार्य किया है। बुकिंग शुरू करने से पहले आधार नंबर डालना होता है और लिंक्ड मोबाइल पर ओटीपी आता है। केवल सही ओटीपी डालने पर बुकिंग प्रोसेस आगे बढ़ता है। इससे एक व्यक्ति के 10-20 फर्जी अकाउंट बनाना लगभग असंभव हो गया। जुलाई 2025 से यह सिस्टम कालाबाजारी पर प्रभावी नियंत्रण लगा चुका है। ई-टिकटिंग वेबसाइट पर कई स्तरों पर कैपटेक लगाया गया है, जिसे कंप्यूटर प्रोग्राम क्रैक नहीं कर सकते। अकामाई एंटी-बॉट टूल फर्जी ट्रैफिक तुरंत पकड़ता है। वेबसाइट तेज लोड के लिए सीडीएन का इस्तेमाल है। साथ ही नेटवर्क फायरवॉल, आईपीएस और डब्ल्यूएफ 24 गुभ णित 7 सतर्क हैं। आईएसपी स्तर पर 30 जीबीपीएस डीडीओएस मिटिगेशन मौजूद है। रेलटेल डार्क वेब स्कैनिंग करता है। चाणक्यपुरी डेटा सेंटर सीसीटीवी और आईएसओ 27001 सर्टिफाइड है। सीईआरटी-इन 24म7 निगरानी रखता है और नियमित ऑडिट करता है। शक के आधार पर 12,819 ईमेल डोमेन ब्लॉक किए गए और 3.99 लाख फर्जी बुकिंग पकड़ी गईं।

# भारतीय आईटी सेक्टर को फरवरी में भारी झटका, निवेशक चिंतित

**- आईटी कंपनियों की मार्केट कैप में लगभग 4.5 लाख करोड़ की गिरावट**

**नई दिल्ली ।**

भारतीय शेयर बाजार के भरोसेमंद माने जाने वाले आईटी सेक्टर के लिए फरवरी कोई अच्छा महीना नहीं रहा। मात्र 13 कारोबारी दिनों में आईटी कंपनियों की मार्केट कैप में लगभग 50 अरब डालर (4.5 लाख करोड़) की गिरावट दर्ज हुई। शुक्रवार को समाप्त हुए सप्ताह में निफ्टी आईटी इंडेक्स 8.2 फीसदी टूट गया, जो अप्रैल 2025 के बाद की सबसे बड़ी साप्ताहिक गिरावट है। इस दौरान टीसीएस, इंफोब सिस और एचसीएल टेक के शेयरों में क्रमशः 2.1 फीसदी, 1.2 फीसदी और 1.4 फीसदी की गिरावट आई। पिछले महीने एंथ्रोब पिक ने नया एआई टूल लॉन्च किया, जिसने वैश्विक टेक जगत में हलचल मचा दी।

निवेशकों का डर है कि जेनरेटिव एआई भारत की 283 अरब डॉलर की आईटी सर्विस इंडस्ट्री के पारंपरिक बिजनेस मॉडल को प्रभावित कर सकता है। कोडिंग और टेस्टिंग जैसी बुनियादी सेवाओं के ऑटोमेशन से कंपनियों की आमदनी पर असर पड़ने की संभावना है। जेपी मोरगन ने चेतावनी दी कि ग्लोबल क्लाइंट्स अब आईटी बजट का पुनर्वितरण कर सकते हैं और पारंपरिक सॉफ्टवेयर सेवाओं से हटकर एआई-आधारित समाधानों की ओर ध्यान देंगे। बाजार में शुक्रवार को हल्की रिकवरी हुई, जिसे बाब यिंग द ब डिप से जोड़ा गया। कुछ निवेशकों ने गिरावट के बाद शेयरों को आकर्षक मूल्य पर खरीदा। विशेषज्ञों का मानना है कि बाजार ने एआई से उत्पन्न खतरों पर जरूरत से ज्यादा और जल्दी प्रतिक्रिया दी।

## डाबर इंडिया दक्षिण भारत में पहली विनिर्माण इकाई लगाएगा




**चेन्नई ।** दैनिक उपयोग के उत्पाद बनाने वाली कंपनी डाबर इंडिया विल्लुपुरम जिले के टिंडीवनम में अपनी पहली दक्षिण भारत स्थित विनिर्माण इकाई स्थाब पित करेगी, इसके झलिए कंपनी ने हाल ही में यहां भूमिपूजन किया। इस परियोजना की लागत 400 करोड़ रुपये है और यह संयंत्र टूथपेस्ट के अलावा व्यक्तिगत देखभाल उत्पादों जैसे डाबर गुलाबारी, वाटिका हेयर ऑयल और अनमोल हेयर ऑयल का निर्माण करेगा। कंपनी का कहना है कि यह संयंत्र प्रत्यक्ष रूप से 250 से अधिक लोगों को रोजगार देगा और अप्रत्यक्ष रूप से हजारों लोगों के लिए अवसर सृजित करेगा। संयंत्र में अत्याधुनिक प्रौद्योगिकी का उपयोग होगा, यह पूरी तरह से नवीकरणीय ऊर्जा पर संचालित होगा और मुख्य रूप से महिला कामगारों के साथ एक समावेशी कार्यस्थल होगा। भूमिपूजन समारोह में मुख्यमंत्री एम के स्टालिन ने डिजिटल रूप से भाग लिया। इस अवसर पर उद्योग मंत्री टीआरबी राजा, उद्योग मंत्रालय के प्रधान सचिव अरुण रॉय और अन्य अधिकारी उपस्थित थे।



## देश का विदेशी मुद्रा भंडार 6.711 अरब डॉलर घटा, स्वर्ण भंडार में भी गिरावट

**- सोने का भंडार 14.208 अरब डॉलर घटकर 123.476 अरब डॉलर पर आ गया**

**नई दिल्ली ।** भारतीय रिज़र्व बैंक (आरबीआई) द्वारा जारी ताज़ा आंकड़ों के अनुसार 6 फरवरी को समाप्त हुए सप्ताह में भारत का कुल विदेशी मुद्रा भंडार 6.711 अरब डॉलर घटकर 717.064 अरब डॉलर रह गया। इससे पहले यह 723.774 अरब डॉलर पर था, जो अब तक का सर्वाधिक स्तर था। विशेषज्ञों के अनुसार यह गिरावट वैश्विक आर्थिक अस्थिरता और मुद्रा विनिमय दरों में उतार-चढ़ाव के कारण एक सामान्य करेक्शन मानी जा रही है। सबसे बड़ी चर्चा गोल्ड रिजर्व में हुई गिरावट को लेकर है। पिछले सप्ताह जहां सोने के भंडार में 14.595 अरब डॉलर की वृद्धि हुई थी, वहीं इस सप्ताह यह 14.208 अरब डॉलर घटकर 123.476 अरब डॉलर पर आ गया। विशेषज्ञों का मानना है कि वैश्विक सोने की कीमतों में बदलाव और आरबीआई की रणनीतिक खरीद-बिक्री इसका मुख्य कारण हैं। यह 2 जनवरी के बाद पहली बार इतनी बड़ी गिरावट है। वहीं फॉरेन करेंसी असेट्स (एफसीए) में इस सप्ताह 7.661 अरब डॉलर की वृद्धि दर्ज की गई, जो इसे 570.053 अरब डॉलर पर ले गई। एफसीए में यूरो, पाउंड और येन जैसी मुद्राओं के मूल्य परिवर्तन का असर देखा गया। पिछले चार हफ्तों में कुल 36.97 अरब डॉलर की बढ़ोतरी भी रही, जिसे व्यापारिक सौदों और अंतरराष्ट्रीय सहयोग से जोड़कर देखा जा रहा है। अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) में भारत की स्थिति और विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) में भी मामूली कमी दर्ज की गई है। एसडीआर 132 मिलियन डॉलर और आईएमएफ स्थिति 32 मिलियन डॉलर घट गई।


## जैव प्रौद्योगिकी क्षेत्र के लिए 2,000 करोड़ रुपये का कोष

**नई दिल्ली ।** केंद्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्री जितेंद्र सिंह ने जैव द्योगिकी उद्योग अनुसंधान सहायता परिषद- अनुसंधान, विकास एवं नवाचार (बाइरैक-आरडीआई) कोष की शुरुआत की। इस कोष के माध्यम से जैव प्रौद्योगिकी (बायोटेक) क्षेत्र में नवाचार को बढ़ावा देने के लिए पांच साल की अवधि में 2,000 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे। एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि इस कोष का उद्देश्य प्रयोगशाला अनुसंधान और औद्योगिक विनिर्माण के बीच के अंतर को पाटना है। इसके तहत टीआरएल-4 से टीआरएल-9 तक की प्रौद्योगिकियों को इक्विटी, परिवर्तनीय उपकरणों और दीर्घकालिक ऋण के माध्यम से सहायता दी जाएगी। पात्र स्टार्टअप, एसएमई और उद्योग भागीदार आधिकारिक पोर्टल के माध्यम से प्रस्ताव जमा कर सकते हैं। पहले चरण के लिए आवेदन की अंतिम तिथि 31 मार्च, 2026 है।

## सेबी ने पांच कंपनियों को आईपीओ लाने की मंजूरी दी

**- सभी शेयर बीएसई और एनएसई पर सूचीबद्ध होंगे**

**नई दिल्ली ।** बाजार नियामक सेबी ने प्रीमियर इंडस्ट्रियल कॉरपोरेशन, ड्यूरोफ्लेक्स, विरुपाक्ष ऑर्गेनिक्स, हेक्सागॉन न्यूट्रिशन और ओम पावर ट्रांसमिशन को आईपीओ लाने की मंजूरी दे दी है। ये कंपनियां 2026 में अपने शेयर आम जनता के लिए जारी करेंगी और सभी शेयर बीएसई और एनएसई पर सूचीबद्ध होंगे। प्रीमियर इंडस्ट्रियल कॉरपोरेशन का प्रस्तावित आईपीओ 2.25 करोड़ शेयर के नए निर्गम और 54 लाख शेयर की बिक्री पेशकश पर आधारित है। वहीं, गद्दे बनाने वाली कंपनी ड्यूरोफ्लेक्स का आईपीओ 183.6 करोड़ रुपये के नए शेयर निर्गम और प्रवर्तकों तथा मौजूदा निवेशकों द्वारा 2.25 करोड़ शेयर की बिक्री पेशकश का मिश्रण है। दवा कंपनी विरुपाक्ष ऑर्गेनिक्स का आईपीओ पूरी तरह से नया निर्गम है और यह 740 करोड़ रुपये के शेयरों के जारी करने पर केंद्रित है। इसके विपरीत, हेक्सागॉन न्यूट्रिशन का प्रस्तावित आईपीओ पूरी तरह से बिक्री पेशकश है, जिसमें प्रवर्तकों द्वारा 3.08 करोड़ से अधिक शेयर बेचे जाएंगे। ओम पावर ट्रांसमिशन ने भी आईपीओ के लिए आवेदन किया है। हालांकि, इसकी संरचना का विवरण अभी सार्वजनिक नहीं हुआ है। इन कंपनियों ने सितंबर और अक्टूबर 2025 के बीच आईपीओ दस्तावेज़ सेबी के पास दाखिल किए थे। सेबी ने इन्हें मंजूरी दे दी।




# सोमवार से शेयर बाजार में बड़ी कंपनियां होंगी लिस्ट, दो नए आईपीओ भी खुलेंगे

**मुंबई।**

सोमवार से शेयर बाजार में आईपीओ का अच्छा माहौल होने वाला है। कुछ बड़ी कंपनियां लिस्ट होने वाली हैं और दो नई आईपीओ खुलने वाले हैं। ये आईपीओ एआई, फाइनेंस, टेक्नोलॉजी, हेल्थकेयर और सप्लाई चेन जैसे सेक्टर में हैं, जो निवेशकों को कमाई का मौका दे सकती हैं। बाजार में इस हफ्ते ज्यादा आईपीओ तो नहीं आ रहे हैं, लेकिन लिस्टिंग और नए इश्यू से हलचल रहेगी। बता दें 16 फरवरी को दो बड़ी कंपनियां एनएसई और बीएसई पर लिस्ट होंगी। पहली है फैक्टल एनालिटिक्स, जो डेटा और एआई सॉल्यूशंस में लीडर है। इसका आईपीओ 2833.90 करोड़ रुपए का था और ये फैक्टल, एआई और फैक्टल अल्फा ब्रांड्स के तहत काम करती है। सब्सक्रिप्शन 2.66 गुना हुआ, मतलब अच्छी मांग रही।

वहीं दूसरी कंपनी है आय फाइनेंस, जो मिडिल लेयर एनबीएफसी है और माइक्रो तथा स्मॉल बिजनेस को लोन देती है। इसका आईपीओ 1010 करोड़ का था और सब्सक्रिप्शन 97 फीसदी रहा। दोनों में निवेशकों की मजबूत दिलचस्पी दिखी। इसके अलावा 19 फरवरी को मारुशिका टेक्नोलॉजी एसएमई प्लेटफॉर्म पर लिस्ट होने जा रही है। नई आईपीओ की शुरुआत भी हो रही है। फैक्टल इंडस्ट्रीज का आईपीओ 16 से 18 फरवरी तक खुलेगा। ये बीएसई एसएमई पर लिस्ट होगी। इश्यू साइज 49 करोड़ रुपए का फ्रेश इश्यू है1 प्राइस बैंड 205 से 216 रुपये प्रति शेयर है। लॉट साइज 600 शेयर है, मतलब रिटेल निवेशक के लिए कम से कम 1200 शेयर। कंपनी गारमेंट्स डिजाइन, सोर्सिंग और मैन्युफैक्चरिंग करती है। ई-कॉमर्स कंपनियों जैसे




अजियो और मिंत्रा के लिए वेयरहाउसिंग और सप्लाई चेन हैंडल करती है। आईपीओ का पैसा वर्किंग कैपिटल, जनरल पर्पज और खर्चों में लगेगा। बुक रनिंग लीड मैनेजर फिनैक्स कैपिटल एडवाइजर्स है और रजिस्ट्रार केफिन टेक्नोलॉजीज।

इसके बाद गौडियम आईवीएफ का आईपीओ 20 से 24 फरवरी तक खुलेगा। ये एनएसई और बीएसई पर होगा। कंपनी 2015 से चल रही है और हब-एंड-स्पोक मॉडल से कई राज्यों में आईवीएफ सेंटर्स चलाती है। प्राइस बैंड, लॉट साइज और पूरी डिटेल्स जल्द आने वाली हैं। ये हेल्थकेयर सेक्टर में महिलाओं की हेल्थ पर फोकस करती है। आय फाइनेंस फाइनेंशियल सेक्टर को मजबूती देगी। एसएमई आईपीओ जैसे फैक्टल इंडस्ट्रीज और मारुशिका से छोटे निवेशकों को मौका मिलेगा। गौडियम आईवीएफ हेल्थकेयर में नई संभावनाएं लाएगी। निवेश से पहले अच्छे से रिसर्च करें, क्योंकि बाजार में उतार-चढ़ाव रहता है। सब्सक्रिप्शन और जीएमपी देखकर ही पैसे लगाएं।

## क्रिप्टो मार्केट का सबसे बड़ा कॉइन बिटकॉइन में बड़ी गिरावट

**आधी हुई वैल्यू, अभी 55 फीसदी और गिरावट का अनुमान**

**नई दिल्ली।**

बिटकॉइन की कीमतों में इस हफ्ते भी गिरावट तेज रही, लेकिन शनिवार को इसमें 4 फीसदी की तेजी रही और इसकी कीमत लगभग 68,864 डॉलर पर आ चुकी है। हालांकि एक्सपर्ट्स को इस तेजी पर कुछ खास भरोसा नहीं हो रहा है। उनका कहना है कि इस बड़ी गिरावट के बीच यह एक छोटी सी उछाल है और गिरावट अभी भी हावी है।

बिटकॉइन अभी भी अपने रिकॉर्ड स्तर से करीब आधा गिर चुका है। क्रिप्टोकरेंसी अक्टूबर में अपने उच्चतम स्तर से लगभग 44 प्रतिशत गिर चुकी है, जो पिछले कई महीनों में हुए करेक्शन के कारण हुआ है। शुक्रवार को बिटकॉइन लगभग 69,180 पर कारोबार कर रहा था, जो पिछले साल के अंत में आई तेजी के दौरान देखे गए स्तरों से काफी नीचे है।

**अभी और गिर सकता है बिटकॉइन**

मिड टर्म को लेकर बढ़ती चिंताओं के बीच, नेड डेविस रिसर्च (एनडीआर) के रणनीतिकारों ने चेतावनी दी है कि भारी बिकवाली के बाद भी आगे और गिरावट आ सकती है। इस महीने की शुरुआत में ग्राहकों को जारी एक नोट में, एनडीआर ने कहा कि अगर मौजूदा मंदी एक पूरे बिटकॉइन विंटर में बदल जाती है, तो कीमतें मौजूदा स्तरों से काफी नीचे तक गिर सकती हैं।

**55 फीसदी तक टूट सकता है बिटकॉइन**

नेड डेविस रिसर्च के मुख्य रणनीतिकार पैट त्सचोसिक और विश्लेषक फिलिप मौल्स के अनुसार, गंभीर मंदी की स्थिति में बिटकॉइन की कीमत गिरकर 31,000 डॉलर तक जा सकती है। इस तरह की गिरावट का मतलब मौजूदा कीमतों से लगभग 55 प्रतिशत की और गिरावट होगी, जिससे हाल के उच्चतम स्तर के करीब निवेश करने वाले निवेशकों को और अधिक ज्यादा नुकसान का सामना करना पड़ सकता है।

**75 फीसदी तक टूट चुका है बिटकॉन**

एक्सपर्ट्स का कहना है कि बिटकॉइन की ऐतिहासिक गिरावट विश्लेषण पर आधारित है।

उन्होंने बताया कि पिछली बड़ी बिकवाली के दौरान, बिटकॉइन में आमतौर पर लगभग 70 प्रतिशत से 75 प्रतिशत की गिरावट देखी गई है, जब गिरावट लंबे समय तक मंदी के दौर में बदल गई। अगर इतिहास खुद को दोहराता है, तो मौजूदा गिरावट अभी भी जारी रह सकती है।

बिजनेस इनसाइडर की रिपोर्ट के अनुसार, नेड डेविस रिसर्च ने यह भी बताया कि 2011 से लेकर अब तक बिटकॉइन की मंदी के दौर में औसतन लगभग 84 प्रतिशत की गिरावट आई है। ये गिरावटें न केवल गहरी थीं, बल्कि लंबी भी रहीं।

## कई राज्यों के रेरा प्राधिकरण वार्षिक रिपोर्ट प्रकाशित नहीं कर रहे: एफपीसीई

**नई दिल्ली ।**

घर खरीदारों के संगठन 'फोरम फॉर पीपल्स कलेक्टिव एफर्ट्स' (एफपीसीई) ने चेतावनी दी कि कई राज्यों के रेरा प्राधिकरण अपने वार्षिक रिपोर्ट प्रकाशित करने के वैधानिक दायित्व को पूरा नहीं कर रहे हैं। संगठन ने रियल एस्टेट (विनियमन और विकास) अधिनियम, 2016 की धारा 78 के उल्लंघन की ओर ध्यान आकर्षित किया। एफपीसीई के अनुसार देशभर में 75 प्रतिशत से अधिक रेरा प्राधिकरणों ने या तो कभी वार्षिक रिपोर्ट प्रकाशित नहीं की, या उनका प्रकाशन बंद कर दिया, या रिपोर्ट अपडेट नहीं की गई। कर्नाटक, तमिलनाडु, पश्चिम बंगाल, आंध्र प्रदेश, हिमाचल प्रदेश और गोवा ने कोई ब रिपोर्ट प्रस्तुत नहीं की। वहीं महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश और तेलंगाना ने शुरुआत में ब रिपोर्ट दी लेब किन अब ब रिपोर्ट देना बंद कर दी है संगठन ने आवास और शहरी मामलों के मंत्रालय से अनुरोध किया है कि सभी रेरा प्राधिकरणों को निर्धारित प्रारूप में रिपोर्ट प्रकाशित करने के नए निर्देश जारी किए जाएं। इसके साथ ही धारा 82 और 83 के तहत दोषी अधिकारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने के लिए राज्य सरकारों को निर्देश देने की मांग की गई है।

## इंडिगो को 1.27 करोड़ के जुर्माने का नोटिस



**नई दिल्ली ।** इंडिगो पर जीएसटी इनपुट टैक्स क्रेडिट से संबंधित 1.27 करोड़ रुपये से अधिक का जुर्माना लगाया गया है। एयरलाइन ने यह जानकारी दी। इंडिगो ने कहा है कि वह इस आदेश को चुनौती देगी। बीएसई को दी गई जानकारी में, एयरलाइन की मूल कंपनी इंटरग्लोब एविएशन ने कहा कि उसे जीएसटी इनपुट टैक्स क्रेडिट से संबंधित नोटिस मिला है। साथ ही, मुंबई के बांद्रा स्थित संयुक्त राज्य कर आयुक्त कार्यालय (अपील) ने ब्याज और जुर्माने के साथ राशि वसूलने का आदेश भी भेजा है। कंपनी का मानना है कि अधिकारियों द्वारा पारित आदेश त्रुटिपूर्ण है और उसका पक्ष मजबूत है। कुल 1.27 करोड़ रुपये का जुर्माना जुलाई 2017 से मार्च 2018 की अवधि के लिए है।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक स्वामी मुद्रक एवं संपादक हरेश पंवार द्वारा शीतल प्रिंटिंग ऑफसेट, प्लॉट नंबर 245 , बुहाना रोड़ पचेरी बड़ी, जिला झुंझुनूं ,राजस्थान-333515 से मुद्रित एवं प्रकाशित, मुद्रक मीना, संपादक हरेश पंवार, भीम प्रज्ञा मीडिया हाउस, बुहाना रोड़ पचेरी बड़ी, जिला झुंझुनूं ,राजस्थान-333515 मो. 9983040937, –mail bheempragya@gmail.com